तापमान

अधिकतम 40 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, सोमवार 11 मई 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



11 356 आवेदन मिले, 53 मामलों का मौके पर निराकरण





12 खाकी पर सवाल : 62 हजार खर्च करवाकर भी पिता को नहीं ...









# ट्रैप कैमरे में कैद हुई मादा भालू और शावक की मनमोहक अठखेलियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व से एक बेहद सुखद और मनमोहक तस्वीर सामने आई है। टाइगर रिजर्व के घने जंगलों में एक मादा भालू अपने छोटे शावक के साथ मस्ती करती हुई ट्रैप कैमरे में कैद हुई है। इस खूबसूरत दृश्य ने वन्यजीव प्रेमियों और वन विभाग के अधिकारियों को उत्साहित कर दिया है। ट्रैप कैमरे में कैद तस्वीरों में मादा भालू अपने बच्चे के साथ जंगल में घूमती, खेलती और सुरक्षित माहौल में नजर आ रही है। शावक अपनी मां के ऊपर उछलता-कूदता दिखाई दे रहा है, जिसने पूरे दृश्य को बेहद आकर्षक बना दिया। जंगल के भीतर वन्यजीवों की यह गतिविधि इस बात का संकेत मानी जा रही है कि रिजर्व क्षेत्र में वन्यजीवों के लिए अनुकूल वातावरण बना हुआ है। वन विभाग के अनुसार, उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में लगातार वन्यजीव संरक्षण और निगरानी का कार्य किया जा रहा है।

वन्यजीव विशेषज्ञों का मानना है कि किसी भी जंगल में वन्यजीवों का सुरक्षित प्रजनन और शावकों का स्वस्थ दिखाई देना उस क्षेत्र की जैव विविधता और संरक्षण प्रयासों की सफलता को दर्शाता है। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में सामने आई यह तस्वीर न केवल वन्यजीव संरक्षण की सकारात्मक कहानी बयां करती है, बल्कि लोगों को प्रकृति और वन्यजीवों के प्रति जागरूक होने का संदेश भी देती है। यह तस्वीर उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने उपलब्ध कराई है।

## खूबसूरत दृश्य ने वन्यजीव प्रेमियों और वन विभाग के अधिकारियों को किया उत्साहित



### ट्रैप कैमरों के माध्यम से वन्यजीवों की गतिविधियों पर रखी जा रही नजर

ट्रैप कैमरा और जंगल मॉनिटरिंग के माध्यम से वन्यजीवों की गतिविधियों पर नजर रखी जाती है। मादा भालू और उसके शावक की मौजूदगी को जंगल के स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र का सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वन्यप्राणियों की संख्या बढ़ने से अब लगातार इस तरह का सुंदर दृश्य देखने को मिला है। जंगल में भालू और उसके बच्चे की अठखेलियों ने प्रकृति प्रेमियों के चेहरे पर मुस्कान ला दी है।

## खबर संक्षेप

### जबरदस्ती लगाया संग्रहण केंद्र में वाहन ट्रक यूनियन नाराज

**धमतरी।** एक राइस मिल संचालक पर मनमानी का आरोप लगाते हुए दि एसोसिएशन ऑफ ट्रक आनर्स यूनियन ने पुरूर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने मिल संचालक पर धमकी देने का आरोप भी लगाया है। थाना गुरुर को एक शिकायत पत्र सौंपते हुए दि ट्रक आनर्स यूनियन धमतरी ने बताया कि संग्रहण केंद्र चिटौद में सालों से यूनियन द्वारा वाहन उपलब्ध कराया जा रहा है। राइस मिलर्स द्वारा अल्फाबेट के हिसाब से धान का उठाव किया जाता है। वाहन यूनियन का होता है। दो दिन पहले एक राइस मिलर्स ने खुद की गाड़ी लगाकर दूसरे मिल के डीओ से धान का उठाव किया। यही नहीं बातचीत के दौरान यूनियन के सदस्यों को धमकी भी दी। उन्होंने बताया कि मिलर्स की इस हरकत से माहौल बिगड़ने की आशंका है। उन्होंने मिल संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### किसान यूनियन की बैठक आज

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ किसान यूनियन की बैठक सोमवार 11 मई को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट गार्डन में आयोजित की जाएगी। यूनियन के घनाराम साहू ने बताया कि बैठक में किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। विशेष रूप से खाद-बीज की उपलब्धता, सोसाइटियों में खाद की कमी तथा कालाबाजारी जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। बैठक के बाद किसान यूनियन के पदाधिकारी एवं किसान मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। ज्ञापन में किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज उपलब्ध कराने तथा कालाबाजारी पर रोक लगाने की मांग की जाएगी। सुदर्शन ठाकुर, रामनिहोरा निषाद ने किसानों से बैठक में अपनी समस्याएं रखने की अपील की है।

### ऑनलाइन आवेदन 22 मई तक

**धमतरी।** एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी ग्रामीण के तहत आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-01 मोंगरागहन में सहायिका की भर्ती के लिए 22 मई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी ग्रामीण से प्राप्त जानकारी के अनुसार सहायिका भर्ती के लिए इच्छुक उसी ग्राम की निवासी महिलाएं ई-भर्ती पोर्टल में आवेदन कर सकतीं हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन अमान्य किए जाएंगे।

## फसल चक्र परिवर्तन से किसानों को मिला नया विकल्प

# आंध्र और महाराष्ट्र तक पहुंची धमतरी के ढेंस की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिले के किसानों का रुझान अब पारंपरिक धान खेती से हटकर फसल चक्र परिवर्तन की ओर तेजी से बढ़ रहा है। इसी बदलाव का परिणाम है कि धमतरी क्षेत्र में ढेंस की खेती किसानों के लिए लाभकारी व्यवसाय बनती जा रही है। कम लागत, कम मेहनत और अधिक मुनाफे के कारण बड़ी संख्या में किसान अब ढेंस की खेती अपनाकर आत्मनिर्भर बन रहे हैं। धमतरी जिले में उत्पादित ढेंस की मांग अब छत्तीसगढ़ के साथ-साथ महाराष्ट्र और आंध्रप्रदेश तक पहुंच गई है।



### जिले के कई गांवों में बढ़ा उत्पादन

मनोहर मीनपाल, केशव कुमार और खोरबाहरा ने बताया कि पहले ढेंस की खेती केवल कुछ तालाबों तक सीमित थी, लेकिन अच्छी आमदनी देखकर किसानों ने खेतों में भी इसकी खेती शुरू कर दी। वर्तमान में हटकेशर, रत्नाबांधा, मुजगहन, लोहरसी, पोटियाडीह सहित कई गांवों में बड़े पैमाने पर ढेंस की खेती की जा रही है। किसान साल में चार से पांच बार इसकी फसल ले रहे हैं, जिससे उनकी आय में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

### कम लागत में किसानों को हो रहा अधिक लाभ

शहर सीमा क्षेत्र के किसान ठाकुरराम मीनपाल, निलेश कुमार, नंदकुमार मीनपाल, विजय मीनपाल, कमल और दीनदयाल ने बताया कि वे पिछले कई वर्षों से ढेंस की खेती कर रहे हैं। इस फसल में सिंचाई की आवश्यकता बहुत कम पड़ती है और बीमारी भी कभी-कभार ही लगती है। कीचड़ एवं दलदली जमीन में इसकी खेती आसानी से हो जाती है। यही कारण है कि कम लागत में अच्छी आय प्राप्त होने से किसानों का रुझान लगातार बढ़ रहा है। किसानों का कहना है कि ढेंस की खेती से उन्हें धान की तुलना में अधिक फायदा मिल रहा है।

### ढेंस से बने चिप्स और फूलों की भी बढ़ी मांग

ढेंस की मांग रायपुर, बालोद, दुर्ग, महासमुंद और बिलासपुर सहित अन्य जिलों में लगातार बढ़ रही है। इसके अलावा महाराष्ट्र और आंध्रप्रदेश के व्यापारी भी धमतरी पहुंचकर ढेंस की खरीदी कर रहे हैं। गर्मी के मौसम में इसकी मांग सबसे अधिक रहती है। अब ढेंस से चिप्स भी तैयार किए जा रहे हैं, जिससे किसानों को अतिरिक्त बाजार मिल रहा है। इसके कमल फूल और पोखरा की भी बाजार में अच्छी मांग है। किसानों का मानना है कि यदि शासन स्तर पर प्रोत्साहन मिले तो ढेंस की खेती जिले में रोजगार और आय का बड़ा माध्यम बन सकती है।

# जंगल से भटके चीतल को कुत्तों ने बनाया शिकार, मौत

- गंगरेल-मरादेव के बीच की घटना, उपचार के दौरान हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

गर्मी के मौसम में भोजन-पानी की तलाश में गांव की ओर रूख करने वाले एक वन्य प्राणी चीतल को कुत्तों का शिकार होना पड़ गया। गंभीर रूप से घायल चीतल की उपचार के दौरान मौत हो गई। वन विभाग ने वन्य प्राणी का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार किया है।

घटना रविवार सुबह की है। गंगरेल-मरादेव के बीच एक वन्य प्राणी चीतल जंगल से भटककर गांव की तरफ आ पहुंचा जिस पर कुत्तों ने हमला बोल दिया। कुत्तों ने चीतल के पीछे पैर की जांघ को नोच लिया जिससे वह गंभीर रूप से



घायल हो गया। चलने-फिरने में असमर्थ चीतल पर ग्रामीणों की नजर पड़ी और वन विभाग को इसकी सूचना दी। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायल चीतल को उपचार के लिए पशु चिकित्सालय लाया जहां उपचार के दौरान ▶▶ शेष पेज 10 पर

### गंगरेल बांध की उपयोगी क्षमता का दोगुना पानी छोड़े जाने के बाद भी 53 फीसदी जलभराव

# महानदी परियोजना के बांधों में भरपूर पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

इस गर्मी में महानदी परियोजना के सभी बांधों की तबीयत दुरूस्त है। गंगरेल बांध से उपयोग जलभराव क्षमता का दोगुना पानी छोड़े जाने के बाद भी परियोजना के चारों बांध में 60 फीसदी पानी स्टोर है। फिलहाल तालाबों को भरने तथा पेयजल के लिए गंगरेल बांध से 2000 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है।

गत वर्ष मई-जून में माड़मसिल्ली बांध पूरी तरह से सूख चुका था। गंगरेल, दुधावा, सोंढूर बांध की भी हालत पतली हो चुकी थी, लेकिन इस साल जलाशयों में जलभराव की स्थिति अच्छी है। सिंचाई विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार गंगरेल बांध में रविवार की तारीख में ग्रास लेवल पर 19.343 टीएमसी जल भराव दर्ज किया गया है। गंगरेल में उपयोगी पानी 14.272 टीएमसी है। यहां 52 फीसदी जलभराव है। माड़मसिल्ली बांध ग्रास लेवल पर 4.945 टीएमसी तथा उपयोगी पानी 4.824 टीएमसी है। माड़मसिल्ली बांध में 84.33 प्रतिशत जलभराव है। दुधावा बांध में ग्रास लेवल में 8.119 टीएमसी तथा उपयोगी पानी 7.959 टीएमसी जलभराव है। यहां 79.33 फीसदी जलभराव है। सोंढूर बांध में ग्रास केपेसिटी के तहत 4.686 तथा उपयोगी पानी 4.034 टीएमसी पानी स्टोर है। सोंढूर में 63.60 फीसदी जलभराव है। परियोजना के सभी बांधों में करीब 31 टीएमसी पानी है जो कि बांधों की क्षमता का 60 फीसदी जलभराव है।

### एक साल में 55 टीएमसी पानी छूटा

जून 2025 से अब तक गंगरेल बांध से 55 टीएमसी पानी छोड़ा गया है। 1 टीएमसी यानी थाउजेंड मिलियन क्यूबिक फीट मतलब 28.32 अरब लीटर पानी होता है। इस तरह 1557.6 अरब लीटर पानी विभिन्न कार्यों के लिए दिया गया है। सिंचाई विभाग के अनुसार भिलाई नहर में 6.114 टीएमसी पानी भिलाई इस्पात, सिंचाई तथा निस्तारी के लिए छोड़ा गया है। रूद्री बरॉज से खरीफ फसल के लिए 29.340 टीएमसी, निस्तारी के लिए 8.589 टीएमसी, बारिश के दौरान महानदी में 12.534 टीएमसी पानी फ्लड किया गया है। लगभग 3 टीएमसी पानी रायपुर पेयजल तथा 1.300 टीएमसी पानी धमतरी पेयजल के लिए छोड़ा जा चुका है।

# चल रही ताबड़तोड़ कार्रवाई, फिर भी रेत माफिया सक्रिय

- बारिश से पहले रेत की बंपर डिमांड, वैध के साथ अवैध खदानों से भी हो रहा उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

लगातार कार्रवाई के बाद भी अवैध रेत खदानें बंद नहीं हो रही हैं। कार्रवाई के बाद जैसे ही खनिज विभाग के अधिकारी कर्मचारी खदान से लौटते हैं, उसके घंटे भर के भीतर खदानों से रेत की निकासी फिर शुरू हो जाती है। अब तक एक भी अवैध रेत खदान संचालनकर्ता पर कार्रवाई नहीं हुई है।

बारिश के मौसम में रेत महंगी हो जाती है। नदी में पानी चलने से रेत की किल्लत भी बनी रहती है। एनजीटी के नियम के अनुसार 15 जून से नदी से सीधे रेत उत्खनन पर प्रतिबंध भी लग जाता है। इस समस्या से बचने के लिए भवन निर्माता बारिश से पहले निर्माण कार्य कम्पलीट करने की कोशिश में है, जिसके चलते रेत सहित बिल्डिंग मटेरियल की बम्पर डिमांड है। इस डिमांड को पूरा करने के लिए अवैध उत्खनन और परिवहन का खेल जोरों से चल रहा है। अमेठी, कोलियारी, जवरगांव सहित कई खदानों में उत्खनन की खनिज विभाग से किसी ▶▶ शेष पेज 10 पर



### 50 से ज्यादा स्थानों पर उत्खनन

खनिज विभाग द्वारा लगातार अवैध उत्खनन और परिवहन पर कार्रवाई की जा रही है। अवैध उत्खनन के मामलों में चेन माउंटेन मशीन को सील किया गया है। वहीं दर्जनों ट्रैक्टरों को कलेक्टोरेट, कम्पोजिट बिल्डिंग में खड़ा किया है। लगातार कार्रवाई के बाद अवैध उत्खनन और परिवहन का सिलसिला थम नहीं रहा है। जानकारी के अनुसार सोनेवारा सहित जिले में 14 रेत खदान को ही अनुमति मिली है, लेकिन जिले में 50 से अधिक स्थानों से रेत निकाली जा रही है। कार्रवाई के बाद भी अवैध उत्खनन थमने का नाम नहीं ले रहा है।

### उत्खनन बंद होने पर संशय

हर साल बारिश से पहले ही नदियों से रेत का उत्खनन बंद कर दिया जाता है। इस साल भी 15 जून से महानदी सहित अन्य नदियों से रेत उत्खनन पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। बारिश में बेचने के लिए बड़ी संख्या में व्यवसायियों ने रेत डंप कर रखा है। विडंबना यह है कि ट्रैक्टरों से रेत उत्खनन बारिश में भी बंद नहीं होता है। महानदी का अधिकांश पानी गंगरेल बांध में स्टोर हो जाता है जिसके चलते बारिश के दिनों में भी नदी में ज्यादा पानी नहीं होता है। ट्रैक्टर संचालक कहीं न कहीं से रास्ता बनाकर नदी से रेत निकाल ही लेते हैं।

### चल रही लगातार कार्रवाई

अवैध उत्खनन और परिवहन पर लगातार कार्रवाई हो रही है। गाड़ी मालिकों, ड्राइवरों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

- सुभाष साहू, *एएमओ*









# 51 पौवा देशी प्लेन शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

- रुद्री पुलिस ने की कार्रवाई

शराब की किल्लत के बीच खोमचा में अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही थी। रूद्री पुलिस ने खोमचे से 51 पौवा देशी प्लेन शराब जब्त की है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देश पर अवैध कार्यों पर निगरानी करने के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में थाना रूद्री पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम सोरम स्थित शराब भट्ठी के पास बने एक खोमचे में अवैध रूप से देशी प्लेन शराब रखकर बिक्री की जा रही है। इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए रूद्री पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर दबिश दी। जांच में आरोपी धर्मेंद्र गायकवाड़ उम्र 25 वर्ष पिता जीवनलाल, निवासी हटकेशर शीतलापारा धमतरी बिना किसी वैध दस्तावेज के खोमचे में अवैध रूप से देशी शराब रखकर बिक्री करते मिला। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 51 पौवा देशी प्लेन शराब जब्त की है। बिक्री रकम सहित जुमला 4,180 रुपये जब्त किया गया है।



आरोपी के विरुद्ध थाना रूद्री में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। रूद्री पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।







## खबर संक्षेप

### भानुप्रतापपुर में श्रद्धा व उत्साह से मनाई महाराणा प्रताप जयंती

**भानुप्रतापपुर।** नगर में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाज के लोगों ने 9 मई को एकत्रित होकर महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की तथा उनके आदर्शों को स्मरण किया। कार्यक्रम में देशभक्ति और सामाजिक एकता का वातावरण देखने को मिला। आयोजित जयंती समारोह में उपस्थित वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के शौर्य, त्याग, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति को याद करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन संघर्ष, आत्मसम्मान और मातृभूमि के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने अपने अदम्य साहस और वीरता से इतिहास में अमिट पहचान बनाई, जो आज भी युवाओं को राष्ट्रप्रेम और कर्तव्यनिष्ठा के लिए प्रेरित करती है। कार्यक्रम के दौरान समाज के वरिष्ठजनों एवं युवाओं ने महाराणा प्रताप के बताए मार्ग पर चलने और समाज में एकता एवं भाईचारे को मजबूत करने का संकल्प लिया। समारोह में नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल राठौर, लक्ष्मीकांत ठाकुर, नरेंद्र ठाकुर, नरोत्तम सिंह चौहान, मार्तण्ड सिंह ठाकुर, अविनाश ठाकुर, अजय राठौर, कनिष्का राजपूत एवं नागेंद्र सिंह सहित समाज के वरिष्ठजन, युवा एवं महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### महिला रक्षा टीम ने चलाया जागरूकता अभियान

**कांकेर।** महिला रक्षा टीम द्वारा नगर सेना कार्यालय एवं मुरडोंगरी में जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं, छात्राओं एवं आमजन को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, घरेलू हिंसा, मानव तस्करी, नशे के दुष्प्रभाव एवं यातायात नियमों के संबंध में जानकारी दी गई। अभियान के दौरान गुड टच-बैड टच, बाल विवाह, पाक्सो एक्ट तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग पर भी जागरूक किया गया। साथ ही आत्मरक्षा के लिए सेल्फ डिफेंस का प्रदर्शन कर महत्वपूर्ण सुरक्षा टिप्स दिए गए। 75 से अधिक लोगों ने एप डाउनलोड किया।

## निधन

### भगवंतीन बाई



**मगरलोड।** ग्राम लुगे निवासी भगवंतीन बाई का शनिवार 9 मई को आकस्मिक निधन हो गया। वे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई। वह यादोराम, पवन और चोखेलाल की माताजी थी। मिलनसार और धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थीं। अंतिम संस्कार में स्वजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### जंगल से भटके चीतल को कुत्तों ने बनाया अपना शिकार

सुबह 10.30 बजे नर चीतल की मौत हो गई। वन अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार चीतल की उम्र 6 से 7 वर्ष थी। माना जा रहा है कि चीतल गर्मी बढ़ने और पानी भोजन की तलाश में भटककर ग्रामीण इलाके पर पहुंच गया। इसी दौरान वह आवारा कुत्तों का शिकार बन गया। वन विभाग ने वन्य प्राणी दिखाई देने पर उसे परेशान नहीं करने तथा तत्काल सूचना देने की अपील की है।

### चल रही ताबड़तोड़ कार्रवाई, फिर भी रेत माफिया सक्रिय

प्रकार की अनुमति नहीं है। इसके बाद भी सालों से इन खदानों से बदस्तूर रेत का उत्खनन चल रहा है। उल्लेखनीय है कि ये रेत खदानें शहर के पास हैं, इसलिए शहर में रेत की सप्लाई इन्हीं खदानों से हो रही है। इन खदानों में रोजाना सैकड़ों की संख्या में रेत लोडिंग के लिए ट्रैक्टर पहुंच रहे हैं। खदान संचालकों द्वारा इन ट्रैक्टरों से अवैध वसूली की जा रही है। प्रति ट्रैक्टर 200 से 300 रुपए लिए जा रहे हैं। हर खदान में रोजाना हजारों रुपए की आवक होती है।

# संस्कार, संगीत और सामुदायिक सहभागिता से बच्चों का समग्र विकास

## बानगर में साहू समाज का निःशुल्क शैक्षिक और करियर समर कैंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

परिक्षेत्र साहू समाज बानगर के तत्वावधान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कातलबोड़ में 6 मई से प्रारंभ निःशुल्क शैक्षिक एवं करियर मार्गदर्शन समर कैंप इन दिनों क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। 25 मई तक चलने वाले इस शिविर में प्रतिदिन सुबह 7 से 10 बजे तक बच्चों को शिक्षा, संस्कार और कौशल विकास का समग्र प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर में प्रतिदिन 120 से 130 बच्चे भाग लेकर गणित, विज्ञान, अंग्रेजी, वाणिज्य, प्रतियोगी परीक्षा, योग-प्राणायाम, स्पोकन इंग्लिश एवं करियर गाइडेंस जैसी विविध विषयों की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। इसके साथ ही संस्कार शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। व्याख्याता रविशंकर साहू ने चेतना विकास एवं मूल्य शिक्षा पर प्रबोधन देते हुए कहा कि दिखावे की प्रवृत्ति से बचकर आवश्यकताओं को समझना ही जीवन को संतुलित बनाता है।



### बच्चों को रोजाना मिलता है न्योता भोज



शिविर की खास बात सामुदायिक सहभागिता है। समाजसेवियों द्वारा प्रतिदिन बच्चों के लिए न्योता भोज की व्यवस्था की जा रही है, जिसमें फल, मुर्रा, चना आदि का वितरण किया जाता है। विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर मनोज कुमार साहू द्वारा बच्चों को फल वितरित कर सेवा भावना का संदेश दिया गया।

इसी क्रम में समर कैंप में बच्चों की रुचि संगीत कला की ओर भी बढ़ रही है। लगभग 35 बच्चों ने ताल, लय और सरगम का अभ्यास किया। संगीत प्रशिक्षण तोषकुमार साहू के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है, जिसमें प्रदीप पटेल (तबला) और खिलेश्वर साहू का विशेष सहयोग मिल रहा है। साथ ही नाटक, प्रहसन और अभिव्यक्ति कौशल का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अध्यक्ष प्रेमचंद साहू के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में 21 गांवों के बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। सामाजिक पदाधिकारियों, शिक्षकों और अभिभावकों की भागीदारी से यह पहल क्षेत्र में अनुकरणीय बनती जा रही है।

## हसदा में सुशासन समाधान शिविर आयोजित, 437 आवेदनों का तत्काल निराकरण

# जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजनता को त्वरित मिले : वीरेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

विकासखंड के ग्राम हसदा के हाई स्कूल में सुशासन तिहार शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष वीरेन्द्र साहू ने कहा कि छग शासन के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार द्वारा सुशासन तिहार मानने का उद्देश्य यह है कि आम जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। कार्यालय का चक्कर लगाने से लोगों की समस्या का समाधान नहीं हो पाता है।

आगे कहा कि शिविर के माध्यम से विभागीय अधिकारी ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करते हैं। शासन की योजनाओं की जानकारी दी जाती है। विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जब तक शिविर समाप्ति की घोषणा नहीं हो जाती तब तक शिविर में अपने स्टॉल पर उपस्थित रह कर लोगों को योजना की जानकारी दें तथा समस्या का समाधान करें।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच है कि आम जनता शासन की योजना से लाभान्वित होंगे तभी 2047 का मिशन सफल होगा। जनपद सभापति राजेश साहू ने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना तथा समस्याओं का समाधान करना है।





### शिविर में कुल 477 आवेदन मिले

शिविर में खिसोरा, हसदा, डुमरपाली, नवागांव, धौराभाठा, कपालफोड़ी, गाड़ाडीह, मोतिमपुर, रांकाडीह, भोथीडीह शुक्लाभाठा अमलीडीह के ग्रामीण शामिल हुए। शिविर में 477 आवेदन मिले। सबसे ज्यादा आवेदन 341 पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को प्राप्त हुए। इसी प्रकार स्कूल शिक्षा विभाग को 5, कृषि विभाग को 5, जल संसाधन को 2, परिवहन विभाग 6, पशुधन विभाग 2, महिला एवं बाल विभाग को 16, राजस्व विभाग 39, लोक निर्माण को 1, लोक स्वास्थ्य विभाग 6, समाज कल्याण विभाग 16, विद्युत विभाग 6, गृह विभाग 1, अटल डिजिटल सुविधा केंद्र 11, प्रधानमंत्री ग्राम विकास विभाग को 1 आवेदन मिले। कुल 477 आवेदनों में से 437 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया।

### 55 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण

शिविर में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा 55 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें बीपी, शुगर ,सर्दी बुखार, सिकल सेल एवं कमजोरी की जांच की गई। 10 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। जनपद पंचायत मगरलोड द्वारा सात हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड वितरित किए गए। समाज कल्याण विभाग ने दो दिव्यांगों को ट्राईसिकल एवं 6 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति आदेश प्रदान किया गया। श्रम विभाग ने 4 हितग्राहियों को श्रम कार्ड वितरित किए।

### खनिज विभाग के कर्मचारी स्टॉल को ढूंढते रहे

सुशासन समाधान शिविर में खनिज विभाग के कर्मचारी एक घंटे देर से पहुंचे। वे अपने विभाग के स्टॉल को ढूंढते रहे।

कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष वीरेन्द्र साहू,जिला पंचायत सदस्य मीना साहू, जनपद सभापति राजेश साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष होरीलाल साहू, हसदा सरपंच ईश्वरी साहू, हेमलाल साहू, राखी साहू, जिला पंचायत सीईओ गजेंद्र ठाकुर, नोडल अधिकारी योगेश आनंद, जनपद सीईओ दिव्या ठाकुर, तहसीलदार मनोज भरद्वाज, करेली बड़ी नायब तहसीलदार चित्रसेन साहू, बीएमओ डॉ शारदा ठाकुर, वरिष्ठ कृषि अधिकारी केएस नरेटी, बीईओ मनीष ध्रुव, विद्युत जेई लोकेश ठाकुर, पंचायत निरीक्षक दीपक भीमगंज सहित जनप्रतिनिधि एवं पंचायत सचिव उपस्थित थे।

# पंचायत कर्मचारी कर रहे जनगणना कार्य में सहयोग



हरिभूमि न्यूज ⏭ डांडेसरा(धमतरी)

देश भर में जनगणना 2027 का शुभारंभ एक मई से हो चुका है। इसी कड़ी में कुरुद तहसील में भी जनगणना शुरू हो गई है। अप्रैल माह में प्रशिक्षण का दौर चला। प्रगणक के रूप में शिक्षकों को और पर्यवेक्षक के लिए अधिकांश राजस्व पटवारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जानकारी के अनुसार जनगणना दो चरणों में होगी। अभी प्रथम चरण में प्रगणक घर-घर जाकर मकान सूचीकरण, भवन संख्या उसके अंदर जनगणना मकान और उनके भीतर निवासरत परिवारों की संख्या सहित मकान की बनावट, प्रकृति, शौचालय, स्नानागार, पेयजल स्त्रोत, निकासी व्यवस्था, आवासीय, गैर आवासीय, कच्चा पक्का मकान आदि-आदि की जानकारी मोबाइल के माध्यम से एकत्र कर रहे हैं। उसके बाद दूसरे चरण में परिवार की सम्पूर्ण जानकारी एकत्र करने का काम किया जायेगा।

कुरुद अनुविभागीय अधिकारी नभसिंह कोसले, चार्ज अधिकारी सूरज बंछोर के मार्गदर्शन में कुरुद तहसील के गांव-गांव के प्रत्येक घर-घर जाकर प्रगणक चिलमिलाती धूप को भी किनारे कर अपना कर्तव्य निभा रहे हैं। पर्यवेक्षक पटवारी वीरेंद्र बैस के पर्यवेक्षण में शिक्षक प्रगणक राजेश कुमार साहू, अनीता साहू, बृजभूषण बंजारे, उत्तम सिरदार, टाकेश्वर भार्गव, लोकनाथ साहू सहित डांडेसरा सरपंच खुमेश्वरी साहू, उपसरपंच दामिनी चन्द्राकर, पीएसजी कर्मचारी टिकेश्वर साहू, कम्प्यूटर ऑपरेटर भोलेश्वर यादव, कोटवार गुलाबदास मानिकपुरी जनगणना कार्य में जुटे हुए हैं।

# सेजेस भखारा के बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

- तुषार पटेल टॉप 10 से चुके

बीएस गौर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय (सेजेस) भखारा के विद्यार्थियों ने हाईस्कूल परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की है। तुषार पटेल पिता चेतन पटेल सेजेस ने 95.67 प्रतिशत अंक हासिल किया है। इसी प्रकार लावण्य साहू ने 94.3 प्रतिशत, गनिया पिता यादराम ने 93.5 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा साबित की है।

तुषार पटेल छग हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में टॉप टेन में आने से 11 अंक के लिए चूक गए। तुषार ने गणित और सामाजिक विज्ञान में 99 अंक, हिंदी और बैंकिंग 98 अंक, विज्ञान में 94 हासिल किया तथा जबकि अंग्रेजी में 86 अंक मात्र मिल पाया, जिसके कारण टॉप टेन की दौड़ से बाहर हो गया। छग राज्य और धमतरी जिला के परीक्षाफल की तुलना में सेजेस भखारा का परिणाम बेहतर रहा। इसी तरह 12वीं का परिणाम 81.2 प्रतिशत रहा। हिंदी माध्यम कक्षा 12वीं के चुनिका यादव ने 90 प्रतिशत तथा अंग्रेजी माध्यम में नीरज साहू 91 प्रतिशत, ओजस्वी साहू 89.76 प्रतिशत, कक्षा 10वीं के पंकज साहू पिता-लाल बहादुर साहू 92.33 प्रतिशत, डीपेंद्र सिन्हा पिता-विजय सिन्हा 89.5 प्रतिशत , लीना पिता उत्तम साहू ने 83.5प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। संस्था के सदस्य हरख जैन, प्राचार्य डीके चौधरी, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन एवं उपाध्यक्ष विष्णु साहू, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष ईश्वर साहू और शिक्षकों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# रक्तदान कर निभाया मानव सेवा का दायित्व



- नपं भखारा के पार्षद ने जिला अस्पताल में किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

नगर पंचायत भखारा के पार्षद अविनाश गौर बिट्टू ने एक बार फिर रक्तदान कर जनसेवा और मानवता का परिचय दिया। उन्होंने जरूरतमंद मरीज के लिए जिला अस्पताल पहुंचकर एक यूनिट रक्तदान किया तथा लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित किया। बताया गया कि यह रक्तदान हरख जैन की विशेष प्रेरणा से किया गया। अविनाश गौर लंबे समय से जनजागरूकता एवं सामाजिक सेवा के कार्यों में सक्रिय हैं और समय-समय पर रक्तदान कर समाज के सामने प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत करते रहे हैं।

इस अवसर पर हरख जैन स्वयं उपस्थित रहे और उन्होंने रक्तदान को महादान बताते हुए युवाओं से आगे आकर जरूरतमंदों की मदद करने की अपील की। जिला अस्पताल की ओर से पैथोलॉजिस्ट डॉ. आदित्य सिन्हा का विशेष सहयोग रहा। पूजा गायकवाड़ द्वारा रक्तदान प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान सोहनलाल, नवदीप गौर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# वाणिज्य शिक्षा व कौशल विकास को बढ़ावा देने आमदी-धमतरी कॉलेज में शैक्षणिक समझौता

- संयुक्त सेमिनार, रिसर्च, इंडस्ट्रियल विजिट से विद्यार्थियों को मिलेगा व्यावसायिक एवं रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आमदी(धमतरी)



वाणिज्य शिक्षा, शोध एवं कौशल विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी के वाणिज्य विभाग एवं बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के वाणिज्य विभाग के मध्य मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का उद्देश्य दोनों संस्थानों के बीच शैक्षणिक एवं व्यावसायिक सहयोग को सुदृढ़ करना है। एमओयू अंतर्गत विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए संयुक्त सेमिनार, कार्यशालाएं, इंडस्ट्रियल विजिट, फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम, रिसर्च गतिविधियां तथा करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शासकीय नवीन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा ने कहा कि यह समझौता विद्यार्थियों को आधुनिक वाणिज्य शिक्षा एवं उद्योग से संबंधित व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा। निरंजन कुमार (विभागाध्यक्ष वाणिज्य) बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी व अंकित बोधवानी (विभागाध्यक्ष, वाणिज्य) शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी ने बताया कि दोनों महाविद्यालयों का यह सहयोग विद्यार्थियों के कौशल विकास, रोजगार उन्मुख शिक्षा तथा शोध गतिविधियों को नई दिशा देगा। एमओयू के माध्यम से विद्यार्थियों को अकादमिक उत्कृष्टता के साथ साथ व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा के लिए भी तैयार किया जाएगा।

इस अवसर पर निरंजनकुमार, हरीश साहू, गोविंदप्रसाद साहू, आकांक्षा मरकाम एवं डॉ. गौकरणप्रसाद जायसवाल, तरुण बनर्जी, अंकित बोधवानी, डिगेश्वर एवं अतिथि सहायक प्राध्यापक उपस्थित थे।

## तेंदूपत्ता संग्रहण से ग्रामीण परिवारों को हो रही अतिरिक्त आय

# नगरी अंचल में तेंदूपत्ता तुड़ाई तेज, ग्रामीणों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



ग्राम पंचायत कल्लेमेटा सहित नगरी अंचल के गांवों में इन दिनों तेंदूपत्ता तुड़ाई का कार्य चल रहा है। तेंदूपत्ता सीजन शुरू होते ही ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। महिलाएं, पुरुष और गर्मी की छुट्टियों के कारण बच्चे भी बड़ी संख्या में सुबह से ही जंगलों की ओर निकल पड़ते हैं और तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य में जुट जाते हैं। तुड़ाई के बाद संग्रहित पत्तों को फड़ एवं संग्रहण केंद्रों तक पहुंचाया जा रहा है।

नगरी अंचल आदिवासी बहुल क्षेत्र होने के कारण यहां के ग्रामीणों की आजीविका काफी हद तक जंगलों पर निर्भर रहती है। मौसम और सीजन के अनुसार ग्रामीण महुआ, तेंदूपत्ता तथा अन्य वन उपज संग्रहण का कार्य करते हैं। महुआ सीजन समाप्त होने के बाद अब तेंदूपत्ता संग्रहण ग्रामीणों के लिए आय का प्रमुख साधन बन गया है।


गर्मी के इस मौसम में तेंदूपत्ता संग्रहण से ग्रामीण परिवारों को अतिरिक्त आय प्राप्त होती है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूती मिलती है।

तेंदूपत्ता तोड़ने के बाद ग्रामीण संग्रहण केंद्र में पत्तों को जमा करने पहुंच रहे हैं। यहां विभागीय कर्मचारियों की निगरानी में तेंदूपत्तों की गिनती, जांच और सुरक्षित भंडारण का कार्य किया जा रहा है। संग्रहण केंद्र में व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक इंतजाम भी किए गए हैं।

सरपंच रूपेश मरकाम समेत ग्रामीण विजय कुमार, दया नेताम का कहना है कि तेंदूपत्ता सीजन हर वर्ष उनके लिए रोजगार का एक बड़ा अवसर लेकर आता है। प्रशासन द्वारा 550 रुपये प्रति मानक सैकड़ा के अनुसार भुगतान किया जाता है, जिससे लोगों को आर्थिक राहत मिलती है। समय पर भुगतान और बेहतर व्यवस्था मिलने से ग्रामीणों में संतोष है।

वहीं वन विभाग द्वारा भी तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से गुणवत्तापूर्ण तेंदूपत्ता संग्रहण करने तथा शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने की अपील की है, ताकि सभी को इसका पूरा लाभ मिल सके।

# युवाओं को निःशुल्क आर्मी भर्ती प्रशिक्षण




हरिभूमि न्यूज ⏭ बगदेही(धमतरी)

ट्रेनिंग अकादमी कोर्रा में जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में समर कैंप का आयोजन 1 मई से किया जा रहा है जिसमें बच्चों को निःशुल्क आर्मी भर्ती प्रशिक्षण, फुटबॉल, एथलेटिक, कबड्डी एवं योगा का नियमित एवं सिस्टमेटिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। डीजी ट्रेनिंग अकादमी कोर्रा के संस्थापक गुलशन साहू के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

बता दें कि डीजी ट्रेनिंग अकादमी कोर्रा द्वारा प्रति वर्ष साल भर निःशुल्क आर्मी भर्ती प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जाता है जिसमें कई युवाओं का आर्मी, पुलिस, बीएसएफ, सीआईएसएफ, सीआरपीएफ में चयन हुआ है।

# सिवनीकला शिविर में 539 आवेदन मिले, 54 का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

कुरूद विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सिवनीकला में 8 मई को जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इनमें 15 ग्राम पंचायत सिवनीकला, अछोटी, कुल्हाड़ी, फुसेरा, दर्रा, खर्रा, संकरी, चिवंरी, मरौद, अंटग, कोड़ेबोड़, धूमा, परसट्ठी, सिर्री, गातापार (आ) के ग्रामीण शामिल हुए।

शिविर में कुल आवेदन 539 प्राप्त हुए। मांग के 537 एवं शिकायत के 2 आवेदन मिले। प्राप्त मांग 54 का निराकरण किया गया। शिविर में गौकरण साहू जिला पंचायत उपाध्यक्ष, कुलेश्वरी गायकवाड़ जिला पंचायत सदस्य, टेकराम साहू जनपद सदस्य सिवनीकला, लता ध्रुव सरपंच सिवनीकला एवं 14 ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंचगण, सचिव उपस्थित रहे।

गजेन्द्र ठाकुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धमतरी, अमित सेन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुरूद, भूपेन्द्र कुमार मगेन्द्र कार्यपालन अभियंता बांध संभाग क. 02 रूद्री, नकुल वर्मा उपसंचालक पंचायत एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने स्टालों का निरीक्षण किया। साथ ही लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, चेक, किट, उपकरण सामग्री, कार्ड का वितरण किया गया। कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किए विद्यार्थियों और महिला कमांडो का सम्मान किया गया। सुशासन तिहार जनता और प्रशासन के बीच की कड़ी

मौके पर गौकरण साहू ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने जनसमस्या निवारण शिविर लगाया जा रहा है। सुशासन तिहार जनता और प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित करता है। ग्रामीण क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाना उद्देश्य है।

## जनसमस्या निवारण शिविर में 15 गावों के जनप्रतिनिधि, ग्रामीण हुए शामिल



### योजना का मिला लाभ

शिविर में नोनी सुरक्षा योजना के तहत 10 हितग्राहियों को प्रमाण पत्र, पोषण टोकरी योजना अंतर्गत 4 हितग्राही को सामग्री, नील हरित कार्ड के तहत 1 हितग्राही को सामग्री, समाधान योजना में 3 हितग्राही को कार्ड, प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना से 4 हितग्राही को लाभ, राजस्व विभाग से 4 हितग्राही को बी 1 प्रमाण पत्र, नारी सशक्तिकरण योजना अंतर्गत 1 हितग्राही को चेक, समाज कल्याण विभाग से 3 ट्राइसिकल, स्वास्थ्य विभाग से 3 हितग्राही को आयुष्मान कार्ड का लाभ मिल पाया।

## भखारा-भठेली में सुशासन तिहार-समाधान शिविर का हुआ आयोजन

# 356 आवेदन मिले, 53 मामलों का मौके पर निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

नगर पंचायत भखारा-भठेली के पंचायत भवन में सुशासन तिहार 2026 समाधान शिविर कर आयोजन किया गया। शिविर में नगर एवं आसपास के क्षेत्र से नागरिकों ने पहुंचकर शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा अपनी समस्याएं एवं मांगें लिखित रूप में प्रस्तुत कीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर सीएमओ हरिकिशन पावरिया, विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, नगर पंचायत उपाध्यक्ष विष्णु साहू, अविनाश गौर बिट्टू, वरिष्ठ नागरिक वीरेंद्र साहू, हेमंत साहू, भूपेश्वरी चंदेल, गौतमी पटेल, झम्मन साहू, परदेसी कंवर, भूपेंद्र यादव, डूमेंद्र गंगबेल, हितेंद्र साहू, मेघनाथ साहू, पार्षद गण, इंजीनियर ज्योति साहू सहित नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित थे।



शिविर में 5 पात्र हितग्राहियों को नवीन राशनकार्ड वितरित किए गए। मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत 2 हितग्राहियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। अधिकारियों ने बताया कि इस योजना के तहत 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाली पात्र कन्याओं को शासन द्वारा एक लाख रुपये तक की सहायता राशि प्रदान की जाती है।

जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने कहा कि शासन की मंशा है कि जरूरतमंद तक योजनाओं का लाभ पहुंचे तथा नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान हो। समाधान शिविर इसी उद्देश्य को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। शिविर में शेखर सिन्हा, पुर्णेश्वर साहू, संजय साहू, चंद्रप्रकाश साहू, देवेंद्र कंवर, कमलेश साहू, शोभा साहू, स्वच्छता समूह की दीदियां सहित सभी विभाग के कर्मचारी ने भरपूर सहयोग किया।

### अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं

विशेष बात यह रही कि जिले के विभिन्न नगर पंचायतों एवं निकायों के सीएमओ भी समाधान शिविर में शामिल हुए और शासन की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन एवं जनसमस्याओं के समाधान की प्रक्रिया का अवलोकन किया। शिविर में कृषि विभाग, राजस्व विभाग, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, आंगनबाड़ी, मितानिन, जिला उद्योग केंद्र, खाद्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। इन स्टॉलों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं तथा योजनाओं की जानकारी देकर आवेदन स्वीकार किए। शिविर में कुल 356 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 53 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई प्रारंभ की गई है।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों का सम्मान

शिविर के दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों को सम्मानित किया गया। पौधरोपण हेतु छोटू राम पाल (वार्ड-15), वर्षा ऋतु में जल संरक्षण हेतु उषा साहू (वार्ड-06), स्वस्फूर्त घर और दुकान का प्रथम टैक्स पटाने हेतु विपिन बिहारी साहू (वार्ड-08), संस्कृत कार्य क्षेत्र में भुवन निर्मलकर (वार्ड-07), पेयजल व्यवस्था हेतु कुशराज सोन (वार्ड-11), लेखराम साहू (वार्ड-11) एवं घनश्याम यादव (वार्ड-12) को प्रशस्ति पत्र, शाल देकर सम्मानित किया गया।

## करियर गाइडेंस, समाज में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला

**डांडेसरा(धमतरी)।** परिक्षेत्र साहू समाज एवं अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ बानगर द्वारा ग्रामीण साहू समाज भवन डांडेसरा में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विषय विशेषज्ञ एवं प्रवक्ताओं द्वारा विभिन्न जानकारी दी गई। धर्मेंद्र साहू द्वारा करियर गाइडेंस, महेन्द्र साहू द्वारा समाज में युवाओं की भूमिका, भुनेश्वर साहू ने नशा मुक्ति, खिलेश्वर प्रसाद साहू ने संस्कार के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर ग्रामीण साहू समाज के संरक्षक हरिशंकर साहू, अध्यक्ष लाकेश साहू, उपाध्यक्ष पुरूष हरिश साहू, उपाध्यक्ष महिला मोहनी साहू, संगठन सचिव पुरूष सतीश कुमार साहू, संगठन सचिव महिला संध्या साहू, डेरहाराम साहू, अंगदराम साहू, बाहरू राम ध्रुव उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### तोकापाल मण्डल में 5 मोर्चा की कार्यकारिणी की घोषणा

**जगदलपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव व संगठन महामंत्री पवन साय की अनुमति से जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने तोकापाल मण्डल में 5 मोर्चा की नई कार्यकारिणी घोषित की है। महिला मोर्चा अध्यक्ष बसंती कश्यप, उपाध्यक्ष शांति बघेल, भानुमती यादव, महामंत्री पूरनी कश्यप व दशमी कश्यप, मंत्री सरिता भोयर, सुमित्रा कश्यप, कोषाध्यक्ष हेमवती कश्यप, मीडिया प्रभारी प्रभा कश्यप बनायें गये हैं। पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष गोवर्धन सेठिया, उपाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह ठाकुर,शिव ठाकुर, महामंत्री महेन्द्र सिंह ठाकुर व संदीप सिंह ठाकुर, मंत्री भरत पटेल, गोमती सेठिया, कोषाध्यक्ष परमे यादव,सह कोषाध्यक्ष दयाराम पटेल, मीडिया प्रभारी धनो सेठिया नियुक्त हुए हैं। किसान मोर्चा अध्यक्ष दशरथ बघेल, उपाध्यक्ष भीमा मौर्य,बासु कश्यप, महामंत्री लैखन बघेल व सोनाधर कश्यप, मंत्री सुदर कश्यप, जयराम मौर्य, कोषाध्यक्ष मन्नु कश्यप व मीडिया प्रभारी विनोद कश्यप को बनाया गया है।

### गांव में स्वास्थ्य शिविर ग्रामीणों की हुई जांच

**गीदम।** मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बस्तर अभियान के तहत गीदम ब्लॉक के अंदरूनी गांव जामपदर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मडसे और गीदम स्वास्थ्य टीम ने संयुक्त रूप से लगाए गए इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में सभी ग्रामीणों की व्यापक स्क्रीनिंग की गई। उच्च रक्तचाप, मधुमेह, ब्रेस्ट कैंसर, मलेरिया, सिकल सेल एनीमिया की जांच की गई। साथ ही गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, हीमोग्लोबिन स्तर और अन्य आवश्यक परीक्षण भी किए गए। जांच के बाद जरूरतमंद मरीजों को मौके पर ही निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं और इलाज उपलब्ध कराया गया। सेक्टर प्रभारी डॉक्टर अतीक अंसारी ने उपस्थित ग्रामीणों को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बस्तर अभियान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य बस्तर के दूरस्थ और पहुंचविहीन गांवों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। उन्होंने लोगों से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, साफ-सफाई रखने और शासन की योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। डॉ. अंसारी ने सिकल सेल और मलेरिया जैसी बीमारियों के लक्षण, बचाव और इलाज के बारे में विस्तार से समझाया। गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव और पोषण के लिए जागरूक किया गया। इस अभियान को सफल बनाने में सेक्टर सुपरवाइजर सरिता बाचेला, आरएचओ अंजू, गीता, सीएचओ श्रद्धा, आरएचओ पुरुष नीलेश एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता चंदा का विशेष सहयोग रहा। पूरी टीम ने दुर्गम रास्तों के बावजूद गांव तक पहुंचकर सेवाएं दीं।

### आपसी सुलह एवं त्वरित न्याय का दिया गया संदेश

**दंतेवाड़ा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार 2026 की द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय दंतेवाड़ा सहित सुकमा, बीजापुर एवं बचेली के न्यायालयों तथा तीनों राजस्व जिलों दंतेवाड़ा, सुकमा एवं बीजापुर के राजस्व न्यायालयों में एक साथ किया गया। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा के करकमलों द्वारा वर्चुअल माध्यम से दीप प्रज्वलित कर किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में विभिन्न जिलों के न्यायाधीशगण भी वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। मुख्य न्यायाधिपति ने समस्त पीठासीन अधिकारियों, न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं, पक्षकारों एवं कर्मचारियों में उत्साह का संचार करते हुए अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु प्रोत्साहित किया तथा शुभकामनाएं दीं। मुख्य न्यायाधिपति सिन्हा ने कहा कि लोक अदालत केवल न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के बोझ को कम करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह समाज में आपसी सुलह, सौहार्द एवं न्याय की भावना को स्थापित करने का एक सशक्त मंच है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से पक्षकार आपसी सहमति से विवादों का समाधान कर समय एवं धन दोनों की बचत कर सकते हैं।

# उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं सम्मानित

- सर्वोदय स्कूल का परीक्षा परिणाम जारी किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सर्वोदय उच्चतर माध्यमिक शाला स्थानीय वार्षि परीक्षाफल घोषित किया गया। मुख्य अतिथि हिमांशु साहू सरपंच दर्री, विशिष्ट अतिथि निरंजन साहू उपसरपंच दर्री, तारा सिन्हा थे। अध्यक्षता टीआर सिन्हा प्राचार्य, उपप्राचार्य संजय मीनपाल ने की। कक्षा पहली में प्रथम तेजस्वनी नेताम 99.33 प्रतिशत, द्वितीय देविका नगारची 98 प्रतिशत, तृतीय धानी साहू 95.33 प्रतिशत , कक्षा दूसरी में प्रथम रियाज पटेल 99 प्रतिशत, द्वितीय फलेन्द्र पटेल 96.6 प्रतिशत, तृतीय पेयंश देवांगन 96 प्रतिशत, तीसरी में प्रथम लाव्या साहू 99.5 प्रतिशत द्वितीय, सिद्धांत यादव 96.5 प्रतिशत तृतीय, यूहानी जोशी 94.5 प्रतिशत, चौथी में प्रथम नामिका मीनपाल 100 प्रतिशत, द्वितीय खोयांश देवांगन 99 प्रतिशत, तृतीय साहिल साहू 98.5 प्रतिशत, पांचवीं में प्रथम एकता साहू 97 प्रतिशत, द्वितीय रिया देवांगन 94.50 प्रतिशत, तृतीय आरूश मरकाम 94 प्रतिशत , नागेश निर्मलकर 94 प्रतिशत, त्रृष्टि पटेल 94 प्रतिशत , छटवीं में प्रथम ईशा यादव 96.66 प्रतिशत, द्वितीय टिया यादव 93.33 प्रतिशत, तृतीय काव्या नगारची 93 प्रतिशत, सातवीं में प्रथम राजलक्ष्मी मीनपाल 98 प्रतिशत, द्वितीय फनीष साहू 96.66 प्रतिशत, तृतीय दिशा साहू 98 प्रतिशत , आठवीं में प्ना साहू 96.83 प्रतिशत , द्वितीय मानवी देवांगन 94.33 प्रतिशत, तृतीय चंचल निशाद 89.7 प्रतिशत , नवमी में प्रथम दिशा साहू 98 प्रतिशत, द्वितीय चन्द्रहास देवांगन 96.83 प्रतिशत, तृतीय आमनी ढीमर 93 प्रतिशत, कक्षा दसवीं में प्रथम नमन साहू 91.5 प्रतिशत , द्वितीय भावेश साहू 82.66 प्रतिशत एवं तृतीय योगमाया 81.66प्रतिशत , कक्षा 11वीं (विज्ञान) में प्रथम रूचिका यादव 95.2 प्रतिशत , द्वितीय चांदनी मिश्रा 94.4 प्रतिशत तृतीय, खुशबू यादव 92.8 प्रतिशत , कक्षा 11वीं (कृषि) में प्रथम वरूण साहू 76 प्रतिशत, द्वितीय राघवेन्द्र साहू 74.2 प्रतिशत, तृतीय लुभांश कोर्राम 74 प्रतिशत, कक्षा 11वीं (कॉमर्स) में प्रथम विकास साहू 96.8 प्रतिशत, द्वितीय लक्ष्मी सागरवंशी 73.8 प्रतिशत, तृतीय विकास साहू 72.6 प्रतिशत, कक्षा 12वीं (गणित) में प्रथम प्रेमप्रकाश 77.6 प्रतिशत, द्वितीय जिगर सिन्हा 67.4 प्रतिशत एवं तृतीय हर्षकुमार साहू 66.4 प्रतिशत, कक्षा 12वीं (जीव विज्ञान) में प्रथम साक्षी कुम्भज 90.6 प्रतिशत, द्वितीय वेदप्रकाश सिन्हा 86.4 प्रतिशत एवं तृतीय सुप्रिया सोनबेर 79 प्रतिशत, कक्षा 12वीं (कॉमर्स) में प्रथम घनिता साहू 71.6 प्रतिशत, द्वितीय प्रियंका दीवान 66.4 प्रतिशत एवं तृतीय हेमचंद प्रजापति 63.4 प्रतिशत , कक्षा 12वीं (कृषि) में प्रथम खेमेश्वरी साहू 78.4 प्रतिशत, द्वितीय धर्मेश 78 प्रतिशत एवं तृतीय डिलेश्वरी देवांगन 74.6 प्रतिशत रहे।



इस अवसर पर कक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्राचार्य टीआर सिन्हा द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# वार्ड 14 में मूलभूत समस्याओं का अंबार

- पार्षद हरीश ने सीएमओ, नपं अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को आवेदन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगर पंचायत नगरी के पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष हरीश साहू ने अपने वार्ड की लंबे समय से लंबित मूलभूत समस्याओं को लेकर सीएमओ, नपं अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को आवेदन प्रस्तुत कर शीघ्र आवश्यक कार्य कराए जाने की मांग की है। पार्षद श्री साहू ने अपने आवेदन में बताया कि वार्डवासियों को लंबे समय से सड़क, नाली, पेयजल तथा तालाबों के रखरखाव जैसी अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में जलभराव, आवागमन में बाधा तथा पेयजल की कमी जैसी समस्याएं और अधिक गंभीर हो जाती हैं।

उन्होंने कहा कि नारद साहू के घर से केकराल तालाब होते हुए जोगु के घर तक नाली निर्माण कार्य। कांजी हाउस से शनिवार बाजार रोड होते हुए शीतला मंदिर मार्ग से अश्वनी साहू के घर तक बीटी सड़क निर्माण। केकराल तालाब एवं बांधा तालाब का गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण। शनिवार बाजार में पानी की टंकी एवं पेयजल व्यवस्था।सोंडुर जलाशय का पानी केकराल तालाब में भरने की व्यवस्था।शनिवार बाजार के पास नाली में प्लेट लगाने का कार्य।



शनिवार बाजार से जयंती के घर तक सीसी रोड निर्माण। डोमार साहू के घर से धनंजय पटेल के घर तक सीसी रोड निर्माण।कोटपारा स्कूल से तेज साहू के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य कराया जाना आवश्यक है। पार्षद हरीश साहू ने कहा कि ये सभी कार्य जनहित से सीधे जुड़े हुए हैं और लंबे समय से वार्डवासी इन समस्याओं से जूझ रहे हैं। यदि समय रहते इन कार्यों को स्वीकृति देकर पूरा कराया जाता है, तो वार्ड के नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने नगर पंचायत प्रशासन से मांग की है कि इन सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत कर शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाए, ताकि वार्ड के लोगों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

# चलती मेटाडोर बनी आग का गोला

- सोलर पैनल समेत 55 लाख का माल राख, बाप-बेटा चालक सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

शनिवार की रात नेशनल हाईवे-30 पर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब सोलर पैनलों से भरी एक चलती मेटाडोर में अचानक भीषण आग लग गई। घटना कुरूद से करीब 3 किलोमीटर दूर राखी मोड़ के पास की है। आग लगते ही चालक और हेल्पर जो बाप-बेटे हैं, ने फुर्ती दिखाते हुए वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई।

मिली जानकारी के अनुसार गाजियाबाद (उत्तरप्रदेश) से मेटाडोर क्रमांक एमपी 07 जीए 9795 में 111 सोलर पैनल लोड कर मलकानगिरी (ओडिशा) के लिए रवाना हुई थी। शनिवार देर रात करीब 2:30 बजे जब वाहन रायपुर-धमतरी मार्ग पर कुरूद के पास पहुंचा, तभी अचानक उसमें आग भड़क उठी। चालक जनकसिंह (निवासी भिंड) और उनके पुत्र, जो हेल्पर के रूप में साथ थे, ने पहले वाहन में मौजूद





फायर सेफ्टी उपकरण से आग बुझाने की कोशिश की। लेकिन आग इतनी तेजी से फैल चुकी थी कि कुछ ही पल में पूरी मेटाडोर और उसमें रखा माल लपटों में घिर गया। घटना की सूचना तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी गई। मौके पर पहुंचकर दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक वाहन और सोलर पैनलों का पूरा जखीरा जलकर खाक हो चुका था। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक इस हादसे में करीब 55 लाख 2 हजार 975 रुपये का नुकसान हुआ है। आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। मामले की रिपोर्ट कुरूद थाना में दर्ज कर ली गई है। जांच जारी है।

## ग्रामीणों को मिलेगा शुद्ध पेयजल

**धमतरी।** ग्राम अर्जुनी में पेयजल समस्या के समाधान के लिए बोर खनन कार्य का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत धमतरी के कृषि सभापति अग्रवाल साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अध्यक्षता सरपंच इंदु मोहित ध्रुव ने की। अन्य अतिथि उपसरपंच लाकेश सिन्हा एवं सरपंच प्रतिनिधि मोहित ध्रुव थे। सभापति अग्रवाल साहू ने कहा कि गर्मी के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट को दूर करना प्राथमिकता है। बोर खनन पूर्ण होने के बाद गांव के लोगों को स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों को तेजी से पूरा किया जा रहा है ताकि ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल सके। कार्यक्रम में पंच वेदप्रकाश ध्रुव, खेमराज सिन्हा, तेजराम नेताम, चंद्रशेखर सिन्हा, संदीप सोनवानी, लक्ष्मीनारायण सिन्हा, पिंकी बाई ध्रुव और रूक्मणि गौतम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी : मोनिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

भाजपा गंगरेल मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष मोनिका देवांगन के निवास ग्राम अछोटा में आयोजित की गई। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में भाजपा की ऐतिहासिक विजय के उपलक्ष्य में कार्यकर्ताओं द्वारा झालमुरी एवं मिठाई बांटकर विजय उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मोनिका देवांगन ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए मंडल स्तर एवं शक्ति केंद्र स्तर पर नियमित मासिक बैठकों का आयोजन आवश्यक है। पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पार्टी द्वारा निर्धारित विभिन्न कार्यक्रमों को पूरी सक्रियता एवं जिम्मेदारी के साथ धरातल पर क्रियान्वित करें।

केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। प्रत्येक कार्यकर्ता को क्षेत्र में जाकर योजनाओं की जानकारी लेना, हितग्राहियों से संवाद करना एवं समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।



मंडल प्रभारी हेमंत चंद्राकर ने संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की सक्रियता एवं पार्टी के कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने पर जोर दिया। सह प्रभारी अविनाश दुबे ने कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक अनुशासन, समन्वय एवं निरंतर संपर्क बनाए रखते हुए पार्टी को मजबूत करने का संदेश दिया।

आभार प्रदर्शन मंडल उपाध्यक्ष श्रीमती जयंती ध्रुव ने किया। मौके पर जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव, जिला मीडिया प्रभारी उमेश साहू, मीना यादव, बुद्धेश्वर कंवर, दयाराम साहू, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष टिकेश्वरी साहू, सुलोचना देवांगन, महिपाल साहू, श्यामू सोनकर, धनीराम साहू, ईश्वर सिन्हा, बूथ अध्यक्ष गिरधारी लाल देवांगन, सुशील निषाद, हेमराम ध्रुव, इकेश्वर सिन्हा, अनीश देवांगन, तरुण देवांगन, जनार्दन देवांगन, आत्माराम सिन्हा, सुरेश कुमार यादव मौजूद थे।

# एक लाख केस में 28 करोड़ का सेटलमेंट

- धमतरी, कुरूद, नगरी तथा राजस्व न्यायालयों में लगी नेशनल लोक अदालत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामकुमार तिवारी के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय धमतरी एवं बाह्य न्यायालय कुरूद एवं नगरी तथा राजस्व न्यायालयों में 9 मई को वर्ष की द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें न्यायालय में लंबित प्रकरणों में से दांडिक प्रकरण के 10 मामले, धारा 138 एन.आई.एक्ट के 10 मामले में 3862992 रू., मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण के 11 मामले में 4866000 रू., ट्रैफिक चालान के 1700 मामले में 1316500 रू. श्रम न्यायालय के 14 मामले में 253714 रू, परिवार न्यायालय के 12 मामले, घरेलू हिंसा के 01 मामले, सिविल के 14 मामले में 1950000 रू. एवं समरी के 278 मामले में 70400 रू. कुल 2050 लंबित प्रकरणों का निराकरण कर 12319606 रू. का सेटलमेंट किया गया। प्रीलिटिगेशन एवं राजस्व न्यायालयों के 103034 प्रकरणों में 271913487 रू. का सेटलमेंट किया गया। इस प्रकार कुल 105084 प्रकरणों में 284233093 रू. का सेटलमेंट किया गया।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# 200 सीट वाले मेचका कन्या आश्रम में सिर्फ 38 छात्राएं ही भर्ती

## 30 कमरों का भवन वीरान, आदिवासी छात्राओं की संख्या बढ़ाने की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम पंचायत मेचका में संचालित आदिवासी कन्या आश्रम शाला इन दिनों अपनी बदहाल व्यवस्था और जर्जर भवन को लेकर चर्चा का विषय बनी हुई है। आदिवासी छात्राओं को बेहतर शिक्षा, सुरक्षित आवास और भविष्य निर्माण के उद्देश्य से वर्ष 2010 में शासन-प्रशासन द्वारा यहां लगभग 30 कमरों वाला विशाल भवन निर्मित कराया गया था, लेकिन वर्तमान स्थिति यह है कि इतने बड़े भवन का उपयोग केवल 3 कमरों तक ही सीमित होकर रह गया है।

आश्रम शाला की कुल क्षमता लगभग 200 छात्राओं की है, लेकिन वर्तमान में यहां मात्र 38 छात्राएं ही निवास कर पढ़ाई कर रही हैं। पिछले चार वर्षों में भी छात्राओं की संख्या 40 से अधिक नहीं बढ़ पाई, जबकि आज तक यह संख्या 70 के पार भी नहीं पहुंच सकी। इससे साफ जाहिर होता है कि इतनी बड़ी शासकीय व्यवस्था का समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा है।

भवन की स्थिति भी लगातार खराब होती जा रही है। ऊपरी मंजिल लंबे समय से खाली पड़ी हुई है और वहां रखरखाव के अभाव में जर्जरता साफ दिखाई दे रही है। कई स्थानों पर दीवारों में दरारें पड़ चुकी हैं। खिड़कियों के शीशे और फ्रेम टूट चुके हैं तथा भवन के बाहरी हिस्सों में भी क्षति नजर आ रही है। मरम्मत कार्य लंबे समय से नहीं होने के कारण छात्राओं की सुरक्षा को लेकर ग्रामीणों और अभिभावकों में चिंता बढ़ गई है।

ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि आश्रम शाला की स्थिति का तत्काल निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत कार्य कराया जाए तथा छात्राओं की संख्या बढ़ाने हेतु शीघ्र निर्णय लिया जाए।

मेचका सरपंच जीवन नाग ने बताया कि इस संबंध में शासन-प्रशासन को कई बार अवगत कराया जा चुका है। आश्रम शाला में बच्चों की सीट बढ़ाने की मांग लगातार की जा रही है, ताकि आसपास के गांवों की अधिक से अधिक गरीब आदिवासी छात्राओं को इसका लाभ मिल सके।

आश्रम शाला के अधीक्षक ने बताया कि वर्तमान में केवल एक शिक्षक और उनके द्वारा ही पढ़ाई एवं आश्रम संचालन का कार्य किया जा रहा है। सीमित स्टाफ और संसाधनों के बीच व्यवस्था संभालना चुनौतीपूर्ण बना हुआ है।



### सीट बढ़े तो संवरेंगी वनांचल की बेटियों की पढ़ाई और भविष्य

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि शासन ने करोड़ों रुपये खर्च कर इतना बड़ा भवन तैयार कराया, लेकिन उसका सही उपयोग नहीं हो पा रहा है। यदि यहां छात्राओं की सीट बढ़ाई जाए, तो आसपास के दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों की गरीब एवं आदिवासी बेटियों को शिक्षा और सुरक्षित आवास की बेहतर सुविधा मिल सकती है। वर्तमान में कई गांवों की बच्चियां दूरी और संसाधनों की कमी के कारण पढ़ाई से वंचित रह जाती हैं।

---

पत्नी-बच्चे के गायब होने से शुरू हुई पूरी कहानी

# खाकी पर सवाल : 62 हजार खर्च करवाकर भी पिता को नहीं मिला बेटा, संदिग्ध के पास ही छोड़ आई पुलिस



**कुरूद।** धमतरी जिले के ग्राम खर्रा से सामने आया एक मामला पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। एक तरफ 5 वर्षीय मासूम अपने पिता से दूर है, वहीं दूसरी ओर आरोप है कि पुलिस ने कार्रवाई के नाम पर पीड़ित से ही 62 हजार रुपये खर्च करवाए और बरामदगी के बाद भी बच्चे को पिता को नहीं सौंपा। अब न्याय के लिए भटक रहा यह पिता प्रशासन की चौखट पर गुहार लगा रहा है। ग्राम खर्रा निवासी सुरेश साहू के अनुसार 14 जून 2025 की रात उसकी पत्नी नूतन साहू 5 वर्षीय पुत्र उमंग साहू और घर में रखे समान करीब 1.70 लाख रुपये नगद व लगभग 2 लाख के जेवर लेकर गायब हो गई। सुरेश ने बिरेझर चौकी में अपहरण की आशंका जताई, लेकिन पुलिस ने मामला गुमशुदगी (गुम इंसान क्रमांक 48/2025) के रूप में दर्ज कर लिया। यहीं से जांच की दिशा पर सवाल खड़े होने लगे।

### पंजाब में बरामदगी, लेकिन सुपुर्दगी पर सवाल

मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस टीम पंजाब के श्री मुक्तसर जिले पहुंची, जहां केवल सिंह नामक व्यक्ति के पास से महिला और बच्चे को बरामद किया गया। पुलिस द्वारा तैयार दस्तावेज में महिला के प्रेम-प्रसंग का हवाला देकर उसे अपनी मर्जी से रहने की बात कही गई है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या एक 5 साल का नाबालिग बच्चा अपनी मर्जी तय कर सकता है। एक पिता की मौजूदगी में पुलिस ने किस कानून के तहत बच्चे को एक अनजान व्यक्ति को सुपुर्द किया जबकि नियमानुसार उन्हें छत्तीसगढ़ लाकर न्यायालय या बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया जाना चाहिए था। दस्तावेजों में पिता को सुपुर्द दिखाए जाने और वास्तविकता में बच्चे का न मिलना भी गंभीर विरोधाभास पैदा करता है।

### मासूम की पुकार अनसुनी पिता से ही वसूला खर्च

सुरेश साहू का दावा है कि बरामदगी के दौरान उसका बेटा उसे देखकर रो पड़ा और साथ आने की जिद करने लगा, लेकिन पुलिस ने उसकी बात नहीं सुनी। इतना ही नहीं, पंजाब जाने वाली पुलिस टीम का पूरा खर्च आना-जाना, रहना और खाना भी उसी से कराया गया, जिसमें करीब 62,000 रुपये खर्च हुए जैसा कि पीड़ित ने हमारे प्रतिनिधि को बताया है। सवाल उठता है कि क्या जांच का आर्थिक बोझ भी अब पीड़ित ही उठाएंगे। मामले में यह भी सवाल उठ रहा है कि एक 5 वर्षीय नाबालिग की कस्टडी बिना विधिक प्रक्रिया के कैसे तय की गई। क्या बाल संरक्षण कानूनों का पालन हुआ।

### दर-दर गुहार, अब प्रशासन की परीक्षा

पीड़ित सुरेश साहू ने कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, एसडीएम और बाल कल्याण समिति को शिकायत देकर अपने पुत्र की सुपुर्दगी, 62 हजार रुपये की वापसी और जिम्मेदार पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है। अब यह मामला न केवल एक परिवार की पीड़ा, बल्कि कानून व्यवस्था की जवाबदेही की भी परीक्षा बन चुका है। देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में हस्तक्षेप कर न्याय दिलाता है या फिर एक पिता की गुहार यूं ही अनसुनी रह जाती है।

### आरोप गलत असंतुष्ट हैं तो कोर्ट जाएं

पुलिस ने कहीं कोई गलत कार्रवाई नहीं की है। पुलिस पर लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह गलत है। वह भी घटना के इतने दिनों बाद। अगर वे पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं, तो कोर्ट की शरण ले सकते हैं।

\- रागिनी मिश्रा
*एसडीओपी कुरुद*

---

# रेस्ट हाउस एवं व्यावसायिक परिसर निर्माण की मांग




- पतालेश्वर महादेव डोंगेश्वर धाम जनविकास समिति ने जिलाधीश को सौंपा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

श्री पतालेश्वर महादेव डोंगेश्वर धाम जनविकास समिति देवपुर के पदाधिकारियों ने जिलाधीश अबिनाश मिश्रा से मुलाकात कर धमतरी जिले के प्रसिद्ध देवपुर मेला के विकास के लिए रेस्ट हाउस एवं व्यावसायिक परिसर निर्माण की मांग रखी। इस संबंध में ग्राम पंचायत देवपुर द्वारा प्रस्ताव तैयार कर जिलाधीश को सौंपा गया। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि देवपुर मेला क्षेत्र में हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक पहुंचते हैं, लेकिन ठहरने एवं आवश्यक सुविधाओं के अभाव के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

ऐसे में रेस्ट हाउस एवं व्यावसायिक परिसर का निर्माण होने से क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी तथा स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। जिलाधीश ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि शासन स्तर पर प्रस्ताव को शीघ्र स्वीकृति दिलाने आवश्यक पहल की जाएगी, ताकि निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ हो सके। प्रतिनिधिमंडल में मेला समिति के अध्यक्ष दिनेश चंद्राकर, यतीश विजय श्रीवास्तव, ग्राम पंचायत देवपुर के सरपंच देवलाल साहू तथा मेला समिति के कोषाध्यक्ष तिलक राम साहू उपस्थित रहे।

---

# नियमों को ताक पर रखकर सड़कों पर दौड़ रहे बिना नंबर प्लेट के ट्रैक्टर

- अवैध परिवहन को मिल रहा बढ़ावा, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



क्षेत्र में इन दिनों यातायात नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। नगर पंचायत करेली बड़ी- खट्टी सहित आसपास के ग्रामीण अंचल धौराभाठा, कुण्डेल, हरदी बेलौदी, भोथा में ऐसे दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़कों पर देखे जा सकते हैं, जिनमें नंबर प्लेट नदारद है। आश्चर्य की बात यह है कि ये वाहन सक्रिय रूप से व्यावसायिक कार्यों में संलिप्त हैं, लेकिन प्रशासन की नजरों से बचने के लिए इनसे नंबर प्लेट हटा दी गई है। स्थानीय स्तर पर मिट्टी, रेत और मुरुम के अवैध उत्खनन और परिवहन में लगे इन वाहनों से जानबूझकर पहचान छुपाने के उद्देश्य से नंबर प्लेट हटा दी जाती है। पुरानी से पुरानी गाड़ियों के भी नंबर प्लेट गायब कर उन्हें अवैध कार्यों में झोंक दिया गया है। यह न केवल प्रशासनिक नियमों का उल्लंघन है, बल्कि एक गंभीर सुरक्षा जोखिम भी हैं।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि कोई इन वाहनों की शिकायत करना चाहे, तो बिना नंबर के वाहन की पहचान करना असंभव हो जाता है। इसके अलावा, यदि इनसे कोई सड़क दुर्घटना होती है, तो चालक और वाहन मालिक को ट्रैस करना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बन जाती है। पुलिस चौकी करेली बड़ी के सामने बड़ी मात्रा में रेत, मिट्टी की गाड़ी निकल रही हैं।इसके बाद भी बिना नम्बर प्लेट वाहनों को रोका नहीं जा रहा है। इससे पुलिस की कार्यशैली में प्रश्न चिन्ह लग गया है।

क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन, खनिज विभाग और परिवहन विभाग से मांग की है कि इन बिना नंबर वाले ट्रैक्टरों पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाए और सघन चेकिंग अभियान चलाकर दोषियों के विरुद्ध कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

### सशिमं घटुला का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

**नगरी।** जिला केंद्रीयकृत प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक प्रमाण-पत्र परीक्षा तथा अरुण से सप्तम तक की परीक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय घटुला में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंद्र कुमार टेमरे थे। अध्यक्षता संतोष कुमार शेष ने की। विशेष अतिथि प्रीतम सहारे तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य भानूराम सोम थे। परीक्षा विभाग प्रमुख हरेंद्र पटेल ने परीक्षावृत्त प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य भानूराम सोम ने परीक्षा परिणाम की औपचारिक घोषणा की।

---

# सौम्य ने अन्नपूर्णा बेस कैंप फतह कर बढ़ाया जिले का गौरव




- करीब 13,550 फीट की ऊंचाई पर स्थित बेस कैंप में फहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

हिमालय की दुर्गम वादियों और कठिन चुनौतियों को पार करते हुए धमतरी के युवा पर्वतारोही सौम्य भट्टाचार्य ने नेपाल स्थित अन्नपूर्णा बेस कैंप की सफल चढ़ाई पूरी कर जिले का नाम रोशन किया है। करीब 13,550 फीट की ऊंचाई पर स्थित इस बेस कैंप तक पहुंचकर उन्होंने तिरंगा फहराया और साहस, धैर्य व आत्मविश्वास का परिचय दिया। अन्नपूर्णा पर्वत श्रृंखला दुनिया के कठिन और जोखिम भरे पर्वतीय क्षेत्रों में गिनी जाती है। इस अभियान के दौरान सौम्य को खड़ी चढ़ाई, घने जंगल, बर्फ से ढंके रास्ते और कम ऑक्सीजन जैसी कई कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। माछापुछरे (फिशटेल) और अन्नपूर्णा साउथ की बर्फीली चोटियों के बीच से गुजरते हुए उन्होंने अपनी मंजिल हासिल की।

सौम्य ने बताया कि इस चुनौतीपूर्ण यात्रा को सफल बनाने में नियमित योग, प्राणायाम और ध्यान की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने कहा कि ऊंचाई पर जब शरीर थकने लगता है, तब मानसिक शक्ति और आत्मविश्वास ही आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। यह अभियान केवल ट्रेकिंग नहीं, बल्कि प्रकृति के बीच आत्मिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव भी रहा। युवाओं के लिए सौम्य की यह सफलता प्रेरणा बनकर सामने आई है।

---

# गोपालपुरी स्कूल का परीक्षा परिणाम बेहतर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



डां. हजारी लाल जैन शाउमावि गोपालपुरी स्कूल में दसवीं और बारहवीं का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा। बारहवीं बोर्ड में 33 छात्रों में से 18 प्रथम श्रेणी, 9द्वितीय श्रेणी और 1 छात्र तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण रहे। बारहवीं का परिणाम 84.84 प्रतिशत रहा। इनमें विनोद कुमार साहू (बायो समूह) पिता शिवलाल 84 प्रतिशत लेकर प्रथम रहा। द्वितीय यशोदा यदु (कला संकाय) पिता शिवकुमार यदु 83 प्रतिशत और तृतीय देविका देवांगन (बायो संकाय) पिता सियाराम देवांगन 82.8 प्रतिशत रही। दसवीं बोर्ड में 56 छात्रों में 17 प्रथम श्रेणी, 17 द्वितीय श्रेणी और 4 तृतीय श्रेणी और दो पूरक में रहे। परिणाम 67.85 प्रतिशत रहा। स्कूल में प्रथम निरूपा पिता चोवालाल साहू 90.83 प्रतिशत, द्वितीय लिकेश साहू पिता सुरेश कुमार 83.33 प्रतिशत, तृतीय पूजा साहू पिता यीशु कुमार साहू 82.5 प्रतिशत रहे। प्राचार्य लक्ष्मीकांत शर्मा, शाला विकास और प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामकृष्ण साहू, मोतीराम साहू, सरपंच जीवनलाल देवांगन, भगत यादव, तिलोचनराम साहू, जानकी साहू, शैलबाला साहू, मयाराम नेताम, दीनदयाल साहू, वरिष्ठ व्याख्याता देवेन्द्र भारद्वाज , डोमन चन्द्राकर ने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष भी गाइड प्रभारी डोलेश्वरी साहू के मार्गदर्शन में छह छात्राओं को स्काऊट गाइड राज्यपाल पुरस्कार का बारहवीं में दस अंक बोनस मिला। शिक्षक-शिक्षिकाओं रीतेश्वरी साहू, सोहद्रा नेताम, राजेश देवान, वीरेन्द्र सिन्हा, संगीता पाठक, सावित्री देवांगन, भावना देवांगन, मीना निर्मल, अनिता सोरी, दीपक पटेल, लोरीराम महिपाल, सतीश साहू ने हर्ष जताया है।

---

## तीन माह से कम दाम में मिल रही सब्जियां, उपभोक्ताओं को राहत

# सस्ती हरी सब्जियों से बाजार गुलजार, खरीदारी के लिए उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



शहर के बाजारों में इन दिनों हरी सब्जियों के दाम कम होने से उपभोक्ताओं के चेहरे खिल उठे हैं। भीषण गर्मी के बावजूद बाजारों में सुबह से देर शाम तक ग्राहकों की भीड़ देखने को मिल रही है। लोग अपनी जरूरत और पसंद के अनुसार थैला भर-भरकर सब्जियां खरीद रहे हैं।

पिछले तीन माह से लगातार सब्जियों के दाम नियंत्रित रहने से आम परिवारों को बड़ी राहत मिली है। गृहणियों का कहना है कि सस्ती सब्जियों की वजह से घर का मासिक बजट संतुलित बना हुआ है और अब भोजन में नियमित रूप से हरी सब्जियां शामिल हो रही हैं।

सब्जी उत्पादक किसान नरोत्तम सोनकर ने बताया कि इस बार सब्जियों का उत्पादन काफी अधिक हुआ है। स्थानीय खेतों के अलावा बाहरी क्षेत्र से भी बड़ी मात्रा में सब्जियों की आवक हो रही है, जिसके कारण बाजार में दाम नहीं बढ़ पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कम कीमत मिलने से किसानों को लागत निकालना भी मुश्किल हो रहा है।

वहीं सब्जी विक्रेता त्रिलोचन पटेल ने बताया कि धमतरी बाजार में लोकल सब्जियों के साथ-साथ बाहरी फार्म हाउस की सब्जियां भी पहुंच रही हैं। अधिक आवक के कारण बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है और ग्राहकों को सस्ती दर पर ताजी सब्जियां मिल रही हैं। सस्ती सब्जियों से घर का बजट संतुलित

गृहणी आशालता साहू, त्रिवेणी कुटरे, रजनी विश्वकर्मा और जानकी साहू ने बताया कि पिछले दो-तीन माह से हरी सब्जियां कम दाम पर उपलब्ध हो रही हैं। इससे घरेलू खर्च में राहत मिली है। उन्होंने कहा कि पहले महंगी सब्जियों के कारण खरीदारी सीमित करनी पड़ती थी, लेकिन अब परिवार के लिए रोजाना अलग-अलग प्रकार की सब्जियां आसानी से खरीदी जा रही हैं। बाजार में ताजी और हरी सब्जियों की भरपूर उपलब्धता से लोग संतुष्ट नजर आ रहे हैं।

### इतवारी बाजार में सब्जियों और किराना सामान के दाम स्थिर

इतवारी बाजार के सब्जी विक्रेता केशव साहू ने बताया कि रविवार को भटा, गाजर, भिंडी, कद्दू और टमाटर 30 रुपए किलो तक बिके। वहीं करेला 50, बरबटी 40, गोभी 40, ग्वारफली 50 और शिमला मिर्च 50 रुपए किलो रही। लौकी 10 रुपए किलो तथा पत्तागोभी 20 रुपए किलो बिकी। किराना बाजार में भी दाम स्थिर बने हुए हैं। आलू 15, प्याज 20, शक्कर 45, गुड़ 55 तथा अरहर दाल 120 रुपए किलो रही। इसके अलावा मूंग दाल 100, मसूर दाल 90 और चना दाल 80 रुपए किलो बिकी। अंडा इस सप्ताह 75 रुपए दर्जन बिका।

---

# हाईस्कूल अरौद डुबान का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय हाई स्कूल अरौद डुबान का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विगत 3 वर्षों से हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा है। संस्था के प्राचार्य हृदयराम जुर्री ने ब्लूप्रिंट पर अधिक से अधिक फोकस किया, परिणामस्वरूप विद्यालय का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। प्रथम स्थान पर अनिता सोरी, द्वितीय यामिनी कौशिक, तृतीय भवानी यादव एवं चतुर्थ स्थान पर हर्षिता नेताम एवं वदिनी नेताम रहीं। जिला मुख्यालय से 45 किलोमीटर दूर एवं वनांचल क्षेत्र होने के बावजूद भी परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा तथा छात्राओं ने बाजी मारी। कक्षा दसवीं में 15 बच्चे थे, जिनमें 13 प्रथम श्रेणी में एवं 2 बच्चे द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए।

इस अवसर पर पूर्व सरपंच दिलीप नाग, सचिव कन्हैया निषाद, शैलेन्द्र, वीरसिंह सोरी, संत राम कुंजाम, शिवशंकर तेता, भूषण बंजारे, सुरेश साहू, कौशल गजेंद्र, प्रमिला गजेंद्र, प्रेम प्रकाश अंसारी एवं संकुल समन्वयक उत्तम कुमार गंगवीर ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

---

## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्ति के पहले प्राचार्य पद पर पदोन्नति बनी व्याख्याताओं के लिए मुसीबत

**जगदलपुर।** सेवानिवृत्ति के कई महीनों के बाद भी सेवा निवृत्त प्राचार्यों को पेंशन नहीं मिल रहा है। जिस दिन सेवानिवृत्त हो रहा है उसी दिन शासन की ओर से देय पेंशनर के समस्त सत्वों का भुगतान सुनिश्चित करने के साथ पेंशन अदायगी आदेश भी दिया जाना चाहिए। किंतु विडंबना है शासन के इस आदेश का पालन नहीं हो रहा है। 15 दिवस के भीतर सेवा निवृत्त प्राचार्यों को पेंशन अदायगी आदेश जारी नहीं हुआ तो पेंशनर्स महासंघ धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा। यह बातें भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ बस्तर संभाग के अध्यक्ष राम नारायण ताटी ने प्रेस विज्ञप्ति में कही है। उन्होंने कहा प्रभाकर राज शर्मा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शाउमा विद्यालय में प्रभारी प्राचार्य के पद पर पदस्थ थे । 29 अगस्त को प्राचार्य पद पर पदोन्नत किए गए । 30 अगस्त को प्राचार्य पद सम्हाला और 30 सितंबर को सेवानिवृत्त हो गए। शासन के नियमानुसार प्राचार्य पद से सेवानिवृत्त होने के कारण इनका एनओसी प्रमाणपत्र शासन स्तर से जारी होना है । किंतु कई बार पत्राचार के बावजूद आज तक नहीं किया गया। जिसके कारण संयुक्त संचालक कोष लेखा जगदलपुर से इनका पीपीओ जारी नहीं हो सका । इसी तरह का एक मामला कविता बिजौलिया जो जो शाउमा विद्यालय हाटकचौरा जगदलपुर में प्राचार्य पद पर पदोन्नति के बाद 30 अगस्त से पदस्थ थी। नवंबर 2025 को सेवा निवृत्त हो गई ।

### भाजपा नानगुर मंडल के 5 मोर्चा की कार्यकारिणी घोषित

**जगदलपुर।** प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव व संगठन महामंत्री पवन साय की अनुमति से जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने 5 मोर्चा महिला, किसान, पिछड़ा वर्ग, अजजा व अजा मोर्चा की कार्यकारिणी की घोषणा की है। महिला मोर्चा अध्यक्ष करूणा कश्यप, उपाध्यक्ष बसंती बघेल, बालो नाग,बालमती ठाकुर , महामंत्री संध्या नाग व शकुंतला बघेल, मंत्री श्यामबती मण्डावी, गीता भारती, मीना नाग, कोषाध्यक्ष बालमती बघेल,सह कोषाध्यक्ष फूलमनी नाग और मीडिया प्रभारी बुटकी कश्यप को बनाया गया है। किसान मोर्चा अध्यक्ष हरिशंकर कश्यप, उपाध्यक्ष नरेन्द्र बघेल, देवी सिंह ठाकुर, सावित्री ठाकुर, महामंत्री मनोज बघेल व धनसाय भारती, मंत्री मनदेव बघेल, सुन्दर ठाकुर, भूमिका ठाकुर, कोषाध्यक्ष सुकलधर बघेल,सह कोषाध्यक्ष चंचला सेठिया, मीडिया प्रभारी खेमराज बघेल,सह मीडिया प्रभारी सोनाधर नाग, सोशल मीडिया प्रभारी अर्जुन नाग व कार्यालय प्रभारी रामसाय बनायें गये हैं। पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष राजेश सेठिया, उपाध्यक्ष प्रहलाद निषाद,हरेश सेठिया, हेमेश्वरी ठाकुर, महामंत्री हालेन्द्र ठाकुर व अमोरनाथ यादव, कोषाध्यक्ष अभिमन्यु सिन्हा,सह कोषाध्यक्ष भोलाराम ठाकुर, मंत्री कुरसो ठाकुर,नीतू सेठिया, लक्ष्मीकांत सेठिया, मीडिया प्रभारी विनोद सेठिया,सह मीडिया प्रभारी हरेन्द्र ठाकुर व कार्यालय प्रभारी संतोष वर्मा को बनाया गया है।

### कफन दफन को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

**जगदलपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत भानपुरी करंदोला में एक ईसाई मतांतरित महिला के निधन के बाद कफन दफन को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई है। जानकारी के अनुसार ईसाई समुदाय के कुछ लोग वन विभाग की फेंसिंग युक्त भूमि पर लगे तार एवं पोल को हटाकर वहां अंतिम संस्कार करने की तैयारी कर रहे थे। ग्रामीणों को जैसे ही इसकी जानकारी मिली वे मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने देखा कि उक्त स्थल पर ईसाई रीति रिवाज से अंतिम संस्कार के लिए गड्ढा खोदा गया था। ग्रामीणों ने इसका विरोध करते हुए अपनी भूमि देने से इंकार कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराने का प्रयास किया। विहिप एवं बजरंग दल के कार्यकताओं तथा ग्रामीणों के विरोध के बाद शव को करकापाल कब्रिस्तान भेजा गया। बजरंग दल संयोजक सिकंदर कश्यप ने कहा कि यह पहली घटना नहीं है।



# जल ही जीवन है

## पर्यावरण सुरक्षा अपने हाथ की बात...



बिन पानी सब सून है, पानी ही है प्राण, कण-कण में यह बस रहा, जीवन का वरदान। व्यर्थ न इसको बहाइये, रखें सदा यह ध्यान, जल बचाकर ही बनेगा, जग फिर से महान।

जिसे अब तक ना समझे वो कहानी हूं मैं, मुझे बर्बाद मत करों



पानी हूं मैं

## जल का महत्व : जल हमारे जीवन में अहम भूमिका निभाता हैं

पानी हम सभी प्राणियों के जीवन में एक अहम भूमिका निभाता हैं। आज मनुष्य जल को लेकर बहुत लापरवाह हैं मनुष्य को अपने अलावा किसी और की कोई फिक्र नहीं होती हैं। हमने जितनी भी नयी नयी खोजे की हैं, नये नये आविष्कार किये हैं उससे भी कई ज्यादा हमने अपने संसाधनों का बुरी तरह से दुरुपयोग भी किया है और इससे केवल हमारी ही हानि नहीं हुई है बल्कि जितने भी जीव जंतु इस पृथ्वी पर निवास कर रहे हैं। सभी के अस्तित्व को हमने अपने लोभके लिये विलुप्तिकरण की ओर पहुंचा दिया हैं। अभी वक्त है जल को बचाया जाये जिससे जल की समस्या का समाधान हो सके। पानी की आवश्यकता हर मनुष्यों को है। कहा भी गया है, जल है तो हम हैं या जल ही जीवन है। प्रकृति पर्याप्त जल प्रदान करती है ताकि मनुष्य खा सके और जीवित रह सके। हमारे पास जो कुछ भी है उससे भी ज्यादा होने का लालच रहता है। मनुष्यों ने अपने फायदे के लिए प्रकृति को परेशान करना शुरू कर दिया है। इसलिए प्रकृति के संरक्षण और विशेष रूप से पानी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय दिन की आवश्यकता थी जिस पर लोगों को प्रकृति के लिए बढ़ती समस्याओं से सतर्क किया जाये और पृथ्वी पर दुनिया हर दिन प्रदूषित होती जा रही है हमें यह जानना जरुरी है कि हम प्रदूषण को कैसे कम कर सकते हैं और हमारी प्रकृति को संरक्षित करते हैं।



**ज्योति जैन**
अध्यक्ष नगर पंचायत भखारा



**हरख (पप्पू) जैन**
विधायक प्रतिनिधि नपं भखारा

## खुशहाली के लिए जल का संचय जरूरी

पानी आम जन की सबसे जरूरतमंद चीज है इसे सभी को बिल्कुल उपलब्ध होना चाहिए, पानी न होने से सभी का जीना मुश्किल हो जायेगा. यह विकराल समस्या है, इसे दूर करना चाहिए, बिना पानी सब सून कहावत का चरितार्थ गर्मी में होता है क्योंकि गर्मी में पानी की कमी होती है, पानी को स्टोर करके रखना चाहिए, बच्चों द्वारा पानी का खर्च कम हो इसके लिए उन्हें पानी बचाने के उपाय बताना चाहिए। महिलाएं सबसे ज्यादा पानी खर्च करती है उन्हें पानी बचाने के उपयों की जानकारी देनी चाहिए, मैं रोज प्रयास करता हूं कि ज्यादा पानी की बचत हो, पानी को संचय करने के लिए गढ़ों का निर्माण करें।



**सुरेश गोयल**
समाजसेवी धमतरी




"बिना जल होय नहीं, कोई सा भी काम
इसे साफ रखने हेतु उपाएं करें तमाम
अगर मिले नहीं जल तो जीवन है बेकार
इसे बचाने के लिये चलो रहे हम तैयार
सच कहें तो जल बना जीवन की पहचान
व्यर्थ बहाकर न करें अब इसका नुकसान।

## जल है तो कल है...

पानी की आवश्यकता हर मनुष्यों को है। कहा भी गया है, जल है तो हम हैं या जल ही जीवन है। प्रकृति पर्याप्त जल प्रदान करती है ताकि मनुष्य खा सके और जीवित रह सके। हमारे पास जो कुछ भी है उससे भी ज्यादा होने का लालच रहता है। मनुष्यों ने अपने फायदे के लिए प्रकृति को परेशान करना शुरू कर दिया है।

इसलिए प्रकृति के संरक्षण और विशेष रूप से पानी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय दिन की आवश्यकता थी जिस पर लोगों को प्रकृति के लिए बढ़ती समस्याओं से सतर्क किया जाये और पृथ्वी पर दुनिया हर दिन प्रदूषित होती जा रही है हमें यह जानना जरुरी है कि हम प्रदूषण को कैसे कम कर सकते हैं और हमारी प्रकृति को संरक्षित करते हैं।



**डॉ. अभिषेक गोयल**
दंत चिकित्सक धमतरी

## जल का संचय करें

वर्तमान परिदृश्य में यदि हम देखें तो आम आदमी की महती आवश्यकताओं में जल का स्थान सर्वोच्च रूप में दिखाई देता है, देश और प्रदेश की स्थितियों का आंकलन आम आदमी जल की उपयोगिता को समझ पा रहे है, पानी मनुष्य की पैदाईश से लेकर मृत्यु तक उसके जीवन में अहम भूमिका निभाता है, फिर भी उसकी उपयोगिता के संबंध में उसकी उपेक्षापूर्ण व्यवहार के कारण आज चारों तरफ पानी की कमी का अहसास दिखाई देने लगा है, यदि इसी प्रकार की स्थिति लम्बे समय तक रहती है तो निश्चित ही आने वाले समय में पानी के लिए ही युद्ध हुआ करेंगे। नगरवासियों को पानी के संचय के लिए अपने-अपने घरों में हार्वेस्टिंग सिस्टम का उपयोग करना चाहिए, जिससे छत के ऊपर का पानी धीरे-धीरे जमीन के अंदर चले जाए जिससे जल सतह बना रहे।



**डॉ.भूषण चंद्राकर**
छग टीचर्स एसो. जिला इकाई धमतरी के जिलाध्यक्ष

## पानी की एक-एक बूंद भविष्य की नींव

जीवन एवं सृष्टि का प्रारम्भ ही जल है। वर्तमान स्थिति में मेरी राय में वह स्थिति है कि यदि जागरूक होकर सावधानीपूर्वक जल स्त्रोंतों का उपयोग करें तो भविष्य की विकराल स्थिति से बचा जा सकता है। सघन वृक्षारोपण एवं रोपित वृक्षों को संरक्षित कर उपवन में परिवर्तित करने में यदि हम सफल होते तभी वृक्षारोपण जलवायु को प्रभावित कर वर्षा कराने में सहायक होगी, छोटे-बड़े नालों में स्टॉपडेम निर्माण जल संग्रहण कर भूजल स्तर को बढ़ाने में सहायक होगी, रहवासी क्षेत्र चाहे वह ग्रामीण क्षेत्र हो अथवा शहरी क्षेत्र गलियॉ में किये जाने वाला कांक्रीटीकरण भूजल स्तर को प्रभावित करता है।



**ईश्वरलाल सोनकर**
पार्षद महात्मा गांधी वार्ड क्र. 20

## पानी का दुरूपयोग न करें...

जल जीवन का आधार है, लेकिन पृथ्वी पर स्वच्छ और पीने योग्य पानी की मात्रा अत्यंत सीमित है। आज जिस तरह से हम पानी की बबार्दी कर रहे हैं, वह भविष्य के लिए एक बड़े संकट का संकेत है। अक्सर हम घरों में खुले नल छोड़ देते हैं, गाड़ियों को धोने में अत्यधिक पानी बहाते हैं और वर्षा जल संचयन पर ध्यान नहीं देते।

पानी का दुरुपयोग केवल एक व्यक्ति की लापरवाही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के हक की चोरी है। यदि जल संरक्षण आज नहीं किया गया, तो भविष्य में सूखे और जल युद्ध जैसी स्थितियां पैदा हो सकती हैं। हमें अपनी आदतों में छोटे बदलाव लाने होंगे– ब्रश करते समय नल बंद रखना, बाल्टी का उपयोग करना, खराब पाइपों की मरम्मत करवाना। याद रखें, "जल है तो कल है।"



**आशा नंदू लोधी**
पार्षद मकेश्वर वार्ड क्र. 09

## जल की उपयोगिता को समझे...

जल जीवन का आधार है, जिसके बिना पृथ्वी पर जीवन की कल्पना भी असंभव है। शरीर का लगभग 70% हिस्सा जल से बना है, जो जैव-रासायनिक क्रियाओं के लिए अनिवार्य है। जल शरीर के तापमान को नियंत्रित करने, विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने और भोजन के पाचन में सहायक होता है। स्वच्छता और बीमारियों से बचाव के लिए भी यह प्राथमिक जरुरत है। फसलों की सिंचाई के लिए जल अनिवार्य है। खाद्य सुरक्षा पूरी तरह जल की उपलब्धता पर टिकी है। नदियाँ, झीलें और महासागर न केवल पारिस्थितिक तंत्र को संतुलित रखते हैं, बल्कि करोड़ों जलीय जीवों का आवास भी हैं। जल विद्युत उत्पादन और औद्योगिक निर्माण प्रक्रियाओं में जल का उपयोग कच्चे माल या शीतलक के रूप में किया जाता है।



**कुशल लोढ़ा** पार्षद
श्यामप्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र. 10

## पानी के व्यर्थ उपयोग पर रोकथाम

जल ही जीवन है, लेकिन दुर्भाग्यवश हम इस अनमोल संसाधन का अंधाधुंध अपव्यय कर रहे हैं। यदि पानी के व्यर्थ उपयोग पर शीघ्र रोक नहीं लगाई गई, तो भविष्य में मानवता को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ेगा। पानी की बबार्दी रोकने के लिए हमें अपनी दैनिक आदतों में छोटे लेकिन प्रभावी बदलाव करने होंगे- बर्तन धोते समय नल को खुला न छोड़ें। घरों और सार्वजनिक स्थानों पर टपकते नलों और पाइपों को तुरंत ठीक करवाएं। एक छोटा सा टपकता नल दिन भर में सैकड़ों लीटर पानी बर्बाद कर सकता है। गाड़ियों को पाइप से धोने के बजाय बाल्टी और कपड़े का प्रयोग करें। बारिश के पानी को सहेजने की तकनीक अपनाना आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। पानी की हर बूंद कीमती है।



**उमा भागी ध्रुव**
पार्षद शीतलापारा वार्ड 02

## पानी संचय के लिए जागरूकता जरूरी

पानी के संचय के लिए लोगों में जागरूकता बहुत जरूरी है, हर वर्ग के लोगों को पानी के दुरूपयोग को रोकने हेतु हर संभव प्रयास करना चाहिए, जब भी कोई पानी का उपयोग करता है तो उसे सोचना चाहिए कि कहीं पानी का दुरूपयोग तो नही हो रहा है, अगर जन सामान्य इस पर गंभीरता से विचार नहीं करेगा तो आने वाले समय में सरकारी तंत्र के प्रवास ही समस्या को दूर करने में काफी नहीं होगा, यह एक जन समस्या है। अतः इसे दूर करने में जन भागीदारी की जरूरत सबसे ज्यादा है, पानी बचाने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग होना चाहिए, घरों में उपयोग कम करना चाहिए, जंगलों को नष्ट होने से बचाना चाहिए, वृक्षों के जड़ों के सहारे पानी जमीन में जाकर संचित होता है, लोगों की मानसिकता है ताजा पानी, लोग दूसरे दिन पहले दिन के बचे पानी को फेंके ना इसे संचित कर के रखें।



**महेश चंद्राकर**
सरपंच ग्राम पंचायत देवरी

विज्ञापन संकलन : उमेश सिंह बशिष्ट ब्यूरोचीफ 9826114710, रवि सिंह राजपूत मार्केटिंग 8305871196





## पंडित राजेश शर्मा ने सैकड़ों महिलाओं का किया अभिनंदन

# मातृशक्ति सम्मान समारोह में उमड़ा जनसैलाब















हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर में मातृ दिवस के अवसर पर रविवार को ऐसा भव्य, भावनात्मक और सांस्कृतिक आयोजन देखने को मिला जिसने पूरे शहर का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया। शहर के बालक चौक स्थित धनकेशरी मंगल भवन में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं समाजसेवी पंडित राजेश शर्मा द्वारा नारी शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शहर की सैकड़ों मातृशक्तियों का वंदन, पूजन और अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित कर उनके योगदान को सराहा गया। पूरे आयोजन में भारतीय संस्कृति, पारिवारिक मूल्यों और मातृत्व सम्मान की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

मातृ दिवस पर आयोजित इस समारोह में सुबह से ही महिलाओं और नागरिकों की भारी भीड़ उमड़ने लगी थी। कार्यक्रम स्थल को पारंपरिक सजावट से आकर्षक रूप दिया गया था। प्रवेश द्वार पर महिलाओं का स्वागत छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति के प्रतीक पारंपरिक बाजे-गाजे और पुष्प वर्षा के साथ किया गया। समारोह में शामिल महिलाओं ने कहा कि वर्तमान समय की भागदौड़ भरी जिंदगी में इस प्रकार के आयोजन समाज को सकारात्मक ऊर्जा देने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम में शामिल कई महिलाएं भावुक हो उठीं और उन्होंने इसे अपने जीवन का यादगार क्षण बताया।

पंडित राजेश शर्मा ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि मां केवल एक शब्द नहीं बल्कि संपूर्ण जीवन की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में मां को देवी का स्वरूप माना गया है और समाज में नैतिकता, संस्कार तथा परिवार की मजबूती का सबसे बड़ा कारण मातृशक्ति ही है।

पंडित राजेश शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाए गए नारी शक्ति वंदन बिल की सराहना करते हुए कहा कि यह महिलाओं को सम्मान और अधिकार देने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं को राजनीति और समाज में समुचित भागीदारी देने का जो प्रयास किया है, वह आने वाले समय में देश की दिशा बदलने वाला साबित होगा। पंडित राजेश शर्मा ने कहा कि माता शब्द की पवित्रता और गरिमा को प्रधानमंत्री मोदी ने नई पहचान दी है।

समारोह में उपस्थित महिलाओं ने भी नारी शक्ति वंदन बिल का समर्थन करते हुए कहा कि यह देश की आधी आबादी को सम्मान और अधिकार देने वाला महत्वपूर्ण कानून है। महिलाओं ने कहा कि इससे समाज में महिलाओं की भूमिका और मजबूत होगी।

सम्मानित महिलाओं में स्वाति बल्लाल, डॉ. आभा हिशीकर, डॉ. मनदीप खालसा, पूजा मिश्रा, मोनिका त्रिवेदी, दिव्या राखेचा, पिंकी खारिया, हरसिमरन कौर, नवनीत आनंद, मोनिका गंगवीर, नेहा ठाकुर, सोनम ठाकुर, साक्षी वाधवानी, शैली भावरा, प्रतीक्षा बाबर, सुमन सोनी, स्वीटी मोटवानी, स्मिता गुप्ता, ज्योति शांडिल्य, रोशनी साहू, तारिणी साहू, उत्तरा सिंह गौतम, ममता खालसा, खुशबू कुर्रे, पिंकी सोनवानी, भूमि मूलवानी, कृष्णा सोनी, अर्षिता शर्मा, ओशी पाण्डे, भावना राठी, वर्षा खंडेलवाल, रीता लुंकड़, अनीता राजपुरिया, नम्रता पाठक, प्रीति शांडिल्य, ललिता चंद्राकर, अंकिता ठाकुर, तारा सिन्हा, डॉ. अपूर्व पवार, दीपाली कलिहारी, पिंकी वंदना, रितिका यादव, प्रीति रोहरा, उज्ज्वला साहू, डॉ. पुनिता वैष्णव, डॉ. जूही गोलछा, डॉ. रागिनी ठाकुर, संध्या ग्वाल, किरण पवार, कुंजलता साहू, सिल्की मूलवानी, काजल मुंजवानी, श्रद्धा राठी, संगीता गढ़वी, डॉ. स्वीटी नंदा, डॉली डड़सेना, करिश्मा नरसिंघानी, बबीता जवानी, पूजा रजवानी, ममता अग्रवाल, डॉ. भारती रामानी, प्रीति चांडक, उत्तरा लोटन, सीना सुरी, शिष्य त्रिपाठी, कांति नायर, सरिता राखेचा, गगनप्रीत कौर, श्वेता नानकानी, गायत्री अग्रवाल, किरण रावत, कमलेश्वरी साहू, अनुपमा सिंह, ऋतु अग्रवाल, सुधा शर्मा, अनिल खंडेलवाल, ज्योति खंडेलवाल, वर्तिका मिन्नी, डॉ. प्रीति वर्मा, पूजा वाधवानी, जीविका सावलानी, खुशबू साहू, डीआर महिमा भोजवानी, भावना मरकाम, अलका शर्मा, ज्योति प्रकाश चिमनानी, कशिश सुखी कोटवानी, सिया रुचिर पंजवानी, डॉ. नीता नेताम, धारणा देवांगन, यशोदा साहू, सारिका रावत, रितु शर्मा, कीया चावला, नीलम सोनी, पूजा पंजाबी, सुनीता वाधवानी, पूजा नायक, मीनाक्षी झवर, एस पाठक, तृप्ति सिन्हा, निधि रणसिंह, प्रीति खनूजा, एकता बुधवानी, ज्योति रजक, चंद्रिका साहू, दीपमाला सूर्यवंशी, डॉ. सौम्या रामटेणे, मनीष देवांगन, रचना आनंद, प्रिया मूलवानी, रूही गांधी, साक्षी रोहरा, श्रुति दुग्गड़, खुशी अग्रवाल, तीजन पटेल, नैन्सी ज्ञानचंदानी, सुनीता पांडे, वीणा खंडेलवाल, मीनाक्षी झंवर, सारिका सोनी, शशि शांडिल्य, कनक शाह, प्रिया कंवर, रीना नामदेव, हेमा देवांगन, शैलेंद्र देवांगन और मंथरा देवांगन प्रमुख रूप से शामिल रहीं।

गायत्री साहू ने भावुक होकर कहा कि मां के निधन के बाद पहली बार उन्हें किसी अपने जैसा अपनापन महसूस हुआ है। उन्होंने कहा कि पंडित राजेश शर्मा का यह स्नेह और सम्मान उनके जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बन गया है और वह इसे कभी नहीं भूल पाएंगी। मंच पर मौजूद कई महिलाएं भी इस भावुक क्षण को देखकर भावुक हो उठीं।

पंडित राजेश शर्मा ने कहा कि समाज में ऐसे लोगों को सम्मान और आत्मविश्वास देना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मातृ दिवस केवल उत्सव नहीं बल्कि संवेदनाओं और मानवीय रिश्तों को मजबूत करने का अवसर है। कार्यक्रम में शामिल महिलाओं ने कहा कि यह आयोजन उन्हें तीज पर्व और मायके की याद दिला गया। कई महिलाओं ने पंडित राजेश शर्मा को पिता तुल्य और भाई तुल्य बताते हुए कहा कि उन्होंने समाज में महिलाओं के सम्मान की अनूठी मिसाल पेश की है। पूरे आयोजन की व्यवस्था स्वयं पंडित राजेश शर्मा की निगरानी में की गई थी। भोजन व्यवस्था से लेकर अतिथियों के स्वागत तक हर छोटी-बड़ी बात का विशेष ध्यान रखा गया। आयोजन में पहुंचे लोगों ने भोजन व्यवस्था, आत्मीय स्वागत और सेवा भावना की खुलकर सराहना की।

कार्यक्रम में मौजूद प्रीतेश गांधी ने कहा कि यह आयोजन शहर की गौरवशाली परंपरा और प्रधानमंत्री मोदी के नारी सम्मान संकल्प का प्रतीक है। राजेंद्र शर्मा ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना देश की प्रगति संभव नहीं है और इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक बदलाव लाते हैं। अर्चना चौबे ने कहा कि महिलाओं का सम्मान समाज को नई दिशा देता है। प्रकाश शर्मा ने कहा कि नारी शक्ति समाज की सबसे बड़ी ताकत है और उनका सम्मान करना हम सबका कर्तव्य है। समारोह के अंत में पंडित राजेश शर्मा ने सभी महिलाओं, अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं का सम्मान और उनके आत्मविश्वास को मजबूत करने के लिए भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन लगातार किए जाएंगे। मातृ दिवस पर आयोजित यह समारोह धमतरी शहर में नारी सम्मान, संस्कृति, संवेदनशीलता और सामाजिक समरसता का प्रेरणादायी उदाहरण बनकर लंबे समय तक याद किया जाएगा।

### मातृ दिवस पर महिलाओं का सम्मान करना प्रेरणादायी प्रयास : किरण बघेल

कार्यक्रम में भाजपा जिला प्रभारी डा. किरण बघेल ने कहा कि मातृ दिवस महिलाओं के आत्मसम्मान और स्वाभिमान को सम्मान देने का अवसर है। उन्होंने कहा कि पंडित राजेश शर्मा द्वारा किया गया यह आयोजन समाज में महिलाओं के सम्मान और प्रोत्साहन की दिशा में प्रेरणादायी प्रयास है।

### मां का रिश्ता सबसे पवित्र, नारी वंदन बिल महिलाओं के सम्मान का प्रतीक

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंडित राजेश शर्मा ने कहा कि आज समाज में रिश्तों की पवित्रता लगातार कमजोर होती जा रही है। परिवार टूट रहे हैं और सामाजिक मूल्यों में गिरावट आ रही है, लेकिन मां का रिश्ता आज भी सबसे पवित्र और निस्वार्थ बना हुआ है। उन्होंने कहा कि मां ही वह शक्ति है जिसके कारण परिवार और समाज में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहती है।

### समाज के हर क्षेत्र की महिलाओं का मंच पर हुआ सम्मान

नारी शक्ति सम्मान समारोह में शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, प्रशासन, समाजसेवा, राजनीति और सार्वजनिक जीवन में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को मंच पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शामिल महिलाओं को पुष्प, श्रीफल और सम्मान प्रतीक भेंटकर अभिनंदन किया गया।

### दिव्यांग गायत्री की आंखों से छलके खुशी के आंसू

समारोह का सबसे भावुक क्षण उस समय आया जब बचपन से दोनों पैरों से दिव्यांग 42 वर्षीय गायत्री साहू को मुख्य चेयर पर्सन के रूप में मंच पर आमंत्रित किया गया। जैसे ही वह मंच पर पहुंचीं, उनकी आंखों में खुशी के आंसू छलक पड़े। उन्होंने कहा कि जीवन के संघर्षों के बीच यह पहला अवसर है जब किसी ने उन्हें परिवार के सदस्य की तरह सम्मान और स्नेह दिया है।

### पारंपरिक स्वागत और सांस्कृतिक माहौल ने जीता दिल

नारी शक्ति सम्मान समारोह की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि पूरा कार्यक्रम भारतीय संस्कृति, परंपरा और सामाजिक मूल्यों से जुड़ा हुआ दिखाई दिया। महिलाओं के स्वागत के लिए पारंपरिक छत्तीसगढ़ी बाजे-गाजे की व्यवस्था की गई थी। आयोजन स्थल पर महिलाओं के लिए मेहंदी, महुर, नेल पॉलिश और अन्य श्रृंगार सामग्री की व्यवस्था भी सेवा स्वरूप उपलब्ध कराई गई थी।

### निगम की व्यवस्थाओं और जनप्रतिनिधियों की सक्रियता की हुई प्रशंसा

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी को देखते हुए नगर निगम द्वारा भी विशेष व्यवस्था की गई थी। आयोजन स्थल के आसपास निर्माणाधीन नाली के मलबे को हटाकर रास्ता साफ कराया गया ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। निगम के स्वास्थ्य विभाग के अध्यक्ष निलेश लूनिया, स्वास्थ्य अधिकारी शशांक मिश्रा, पार्षद पिंटू यादव और कुलेश सोनी ने मौके पर पहुंचकर साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

### नारी वंदन का आयोजन धमतरी के लिए सौभाग्य : महेन्द्र पंडित

मातृ दिवस पर पं. राजेश शर्मा के द्वारा आधी आबादी के प्रतिनिधि महिलाओं का नारी वंदन कार्यक्रम आयोजित कर किया गया सम्मान धमतरी के इतिहास में सौभाग्य का प्रतीक है।

### नारी शक्ति के सम्मान से ही समाज का विकास : राजेंद्र शर्मा

पूर्व निगम सभापति राजेंद्र शर्मा ने कहा कि नारी शक्ति समाज की वास्तविक आधारशिला है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के बिना समाज की प्रगति संभव नहीं है। पंडित राजेश शर्मा द्वारा आयोजित "नारी वंदन" कार्यक्रम महिलाओं के सम्मान की दिशा में सराहनीय पहल है।

फीचर इम्पैक्ट